(अनुपालन- क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषन नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर)

6. दिनांक 24.03.2022 को समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित समाचार दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी के इको सेंसिटिव जोन में अवैध रूप से मिट्टी कटाई एवं पहाड़ के खनन के संबंध में जिला खनन पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर द्वारा बताया गया कि अवैध मिट्टी कटाई एवं खनन के मामले में घोड़ाम थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसका थाना कांड संख्या: 36/2022 है। आरोपी फरार है। उक्त कांड का अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम से प्राप्त करने के लिए पत्राचार करने हेतु उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर को निदेशित किया गया।

(अनुपालन – उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर)

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

7. आश्रयणी के ईको सेन्सेटिव जोन में स्थापित मेसर्स STP Limited, अलकतरा फैक्ट्री के विरुद्ध अबतक की गई कार्रवाई के संबंध में पुछे जाने पर क्षेत्रीय पदाधिकारी, राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर द्वारा बताया गया कि माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, रांची में दिनांक 11.04.2023 को सुनवाई हुई है। उक्त मामले में मुख्यालय स्तर पर भी सुनवाई चल रही है।

मजबूती के साथ विभाग का पक्ष रखने हेतु महाधिवक्ता, झारखण्ड, रांची को पत्राचार करने हेतु उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर को निदेशित किया गया।

(अनुपालन – उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर)

8. आश्रयणी की परिधि तथा इको सेन्सेटिव जोन में अधिष्ठापित विद्युत खंभों में लगे हुए विद्युत संचारण तारों का झुका हुआ होना (Sagged Electric wire) तथा टुटी हुई विद्युत तारें (Worn/broken electric wire) एवं नंगी विद्युत तारों (Uncovered/uninsulated electric wire) के कारण विद्युत स्पर्शाघात से जंगली हाथियों तथा वन्यप्राणियों के साथ होनेवाली दुर्घटना की संभावना को देखते हुए में आश्रयणी के इको सेन्सेटिव जोन क्षेत्र में Covered/insulated electric wire के प्रयोग के मामले में अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग, चाईबासा द्वारा बताया गया कि Covered/insulated electric wire लगाने में काफी राशि खर्च होने की संभावना है। कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, सरायकेला–खरसावाँ द्वारा सुझाव दिया गया कि जगह–जगह बिजली खम्भों की उँचाई को बढ़ा देने से कुछ हद तक इस समस्या का समाधान हो जायेगा। प्रमण्डलीय आयुक्त द्वारा अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग, चाईबासा एवं उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर को आपस में समन्वय स्थापित कर जंगली हाथियों तथा वन्यप्राणियों के आवागमन के रास्ते में आनेवाले बिजली खम्भों का सर्वेक्षन हेतु जांच दल गठित करने एवं 10 दिनों के अंदर समिति को मंतव्य सहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

(अनुपालन – उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर एवं अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग, चाईबासा)

9. इको सेन्सिटिव जोन के अन्तर्गत आनेवाले ग्रामों/निगम क्षेत्र में भवन निर्माण का नक्शा पारित करने से पहले उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर से अनापत्ति संबंधी प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।

(अनुपालन – उप विकास आयुक्त, पूर्वी सिंहभूम/सरायकेला–खरसाँवा कार्यपालक पदाधिकारी, मानगो नगर निगम)

पूर्व में शिकायत प्राप्त होने पर Monitoring Committee द्वारा कार्रवाई किये जाने का प्रचलन थी जिसे क्रियाशील बनाने हेतु इको सेन्सिटिव जोन से संबंध अंचल अधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी, मानगो नगर निगम अपने–अपने क्षेत्र में नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर इको सेन्सिटिव जोन के अधिसूचना के अन्तर्गत कार्यकलापों एवं आश्रयणी के 300 मीटर के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर रोक लगायेंगे। इको सेन्सिटिव जोन से संबंधित नक्शा पूर्व में ही सभी संबंधित एजेंसी को उपलब्ध कराया जा चुका है।

(अनुपालन – कार्यपालक पदाधिकारी, मानगो नगर निगम, अंचल अधिकारी, मानगो, बोड़ाम, पटमदा, घाटशिला, निमडीह)

10. मानगो नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बिना सूचना के कार्यपालक पदाधिकारी, मानगो नगर निगम के अनुपस्थित रहने के कारण उक्त मामले की समीक्षा नहीं हो सकी। आयुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए उनसे स्पष्टीकरण पूछने हेतु निदेशित किया गया।

(अनुपालन– आयुक्त के सचिव, सिंहभूम(कोल्हान) प्रमण्डल, चाईबासा)

11. इको सेन्सिटिव जोन अन्तर्गत क्षेत्र भ्रमण एवं वर्तमान स्थिति से संबंधित Status report उपलब्ध कराने हेतु एक समिति का गठन किया गया जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी शामिल होंगे। गठित समिति दिनांक 08.07.2023 को क्षेत्र भ्रमण करेगी।

I. उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर
II. उप विकास आयुक्त, पूर्वी सिंहभूम /सरायकेला–खरसाँवाँ
III. अपर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम /सरायकेला–खरसाँवाँ
IV. अनुमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर एवं घाटशिला

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

V. अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग, जमशेदपुर /चाईबासा
VI. जिला खनन पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम /सरायकेला–खरसाँवाँ
VII. जिला उद्योग समन्वयक, पूर्वी सिंहभूम
VIII. अंचल अधिकारी, मानगो/बोड़ाम/पटमदा/चाण्डिल/नीमडीह
IX. वन क्षेत्र पदाधिकारी, दलमा वन्यप्राणी पूर्वी प्रक्षेत्र, जमशेदपुर/दलमा वन्यप्राणी पश्चिमी प्रक्षेत्र, चाण्डिल
X. क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर
XI. कारखाना निरीक्षक, पूर्वी सिंहभूम/सरायकेला–खरसाँवाँ

12. उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक द्वारा बतलाया गया कि सरकार के स्तर से इको सेन्सिटिव जोन अन्तर्गत वन भूमि/सरकारी जमीन के खरीद–फरोख्त पर रोक लगाने हेतु निर्देश प्राप्त है। सद्आलोक में कार्रवाई हेतु अध्यक्ष द्वारा उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, अपर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम/सरायकेला–खरसाँवाँ का संयुक्त समिति गठित किया जाता है जो तीन माह के अन्दर विस्तृत रिपोर्ट देंगे। वे अपने अधीनस्थ को समन्वय स्थापित कर कार्य के निष्पादन का निर्देश देंगे।

(अनुपालन – कार्यपालक पदाधिकारी, मानगो नगर निगम, अंचलाधिकारी, मानगो/ बोड़ाम/पटमदा/चाण्डिल/निमडीह)

13. Swarna Rekha Multipurpose Project के प्रशासक के प्रतिनिधि को Elephant Corridor हेतु मार्गों के भटकाव को रोकने हेतु तालाब का निर्माण, हाथियों के रूचिकर भोजन जैसे घास, कटहल, केला इत्यादि प्रजातियों के पौधों का रोपण करने हेतु निदेश दिया गया उक्त कार्य के लिए पौधों की आपूर्ति हेतु उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक गज परियोजना, जमशेदपुर का सहयोग प्राप्त करेंगे।

(अनुपालन – प्रशासक के प्रतिनिधि, स्वर्णरेखा, बहुद्देशीय परियोजना, जमशेदपुर)

14. टाटा कम्पनी के Vendor/Sub-Vendor द्वारा Slag/fly ash dump करने पर "Environmental Impact Assessment" Pollution Control Board द्वारा कड़ा कर संबंधित कम्पनी को दण्ड अधिरोपित कर Monitoring Committee को सूचित करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन – क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर)

15. इको सेन्सिटिव जोन से संबंधित नक्शा का Soft Copy को जिला के Website पर प्रकाशित करने हेतु निदेश दिया गया।

(अनुपालन – उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जमशेदपुर)

समिति द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को दिये गए निदेश के अनुपालन हेतु समन्वय स्थापित करने एवं मंतव्य सहित प्रतिवेदन उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर–सह– संयोजक, निगरानी समिति, इको सेंसिटिव जोन, दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह०/–

प्रमण्डलीय आयुक्त,
सिंहभूम(कोल्हान) प्रमण्डल, चाईबासा
–सह–अध्यक्ष, निगरानी समिति दलमा
ईको सेन्सिटिव जोन
दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी।

Scanned with CamScanner

ज्ञापांक– III-10/2020 837 दिनांक– 04.07.2023

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि–प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि–क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, सिंहभूम, जमशेदपुर को सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि–उपायुक्त, सरायकेला–खरसावाँ को सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि–उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को सूचनार्थ समर्पित।
प्रतिलिपि–उप विकास आयुक्त, सरायकेला–खरसावाँ/उप विकास आयुक्त,पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि–उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर–सह–संयोजक निगरानी समिति ईको सेन्सिटिव जोन दलमा वन्यप्राणी अभ्रयणी/अपर उपायुक्त, सरायकेला–खरसावाँ/अपर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर अधीक्षण, अभियंता, विद्युत, पूर्वी सिंहभूम/अधीक्षण, अभियंता, विद्युत, पश्चिम सिंहभूम/महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, चाईबासा/जिला खनन पदाधिकारी, सरायकेला–खरसावाँ /पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सरायकेला–खरसावाँ /कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, जमशेदपुर/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, जमशेदपुर/जिला परिवहन पदाधिकारी,पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर/सरायकेला–खरसावाँ/ क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर/सचिव(प्रा०), प्रशासक सुवर्णरेखा परियोजना, आदित्यपुर, जमशेदपुर/अंचल अधिकारी, चाण्डिल/नीमडीह, सरायकेला–खरसावाँ/अंचल अधिकारी, मानगो, पूर्वी सिंहभूम/घोड़ाम, पूर्वी सिंहभूम/पटमदा पूर्वी सिंहभूम/कार्यपालक पदाधिकारी, मानगो नगर निगम/जिला उद्यान पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर/वन क्षेत्र पदाधिकारी, दलमा वन्यप्राणी, पश्चिमी प्रक्षेत्र/पूर्वी प्रक्षेत्र, चाण्डिल/जिला कृषि पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर/जिला मृदा संरक्षण पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम/जिला मृदा संरक्षण पदाधिकारी, सरायकेला–खरसावाँ/जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, जमशेदपुर कारखाना निरीक्षक, पूर्वी सिंहभूम/सरायकेला–खरसावाँ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03/07/2023
आयुक्त के निमित्त,
सिंहभूम (कोल्हान) प्रमण्डल,
चाईबासा।
3/7/23

Scanned with CamScanner

3130-5

कार्यालय–उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर
वन भवन, सीएचच एरिया(नॉर्थ–वेस्ट) जरसी आरामगाह एवं सांई मंदिर के पास,
पो–सोनारी, जमशेदपुर 831011
e-mail-dfo-dirpc@gov.in , dcffdjsr@gmail.com ; ☎-0657-2233041 (O) 2960039 (R)

पत्रांक 1082 दिनांक 02.8.2022

सेवा में,

कार्यपालक पदाधिकारी,
मानगो नगर निगम, जमशेदपुर।

विषय : आपके कार्यालय के स्तर से आश्रयणी के Eco Sensitive Zone से सटे भूमि का नक्शा पारित करने के क्रम में उत्पन्न कठिनाइयों का सामना करने के संबंध में।

प्रसंग : दिनांक 21.06.2022 को सम्पन्न निगरानी समिति की बैठक की कार्यवाही की बिंदु 12

महाशय,

उपरोक्त विषयक पत्र के संबंध में आपको सूचित करना है कि विषयांकित समस्या के निराकरण के संबंध में इस कार्यालय पत्रांक 500 दिनांक 23.04.2022 द्वारा आपके कार्यालय को प्रेषित आश्रयणी की अधिसूचना की पृष्ठ संख्या 16 की कंडिका 5 एवं पृष्ठ संख्या 17 के कंडिका 3 का क्रमशः संदर्भ लिया जाय। उक्त अधिसूचना के कंडिका 5 में वर्णित है:–

"चाय बागानी, बागवानी क्षेत्रों, कृषि पार्कों आदि का हरित उपयोग से गैर हरित उपयोग में परिवर्तन नहीं किया जायेगा परन्तु इस अधिसूचना की तारीख को विद्यमान स्थानीय निवासियों और प्राकृतिक वृद्धि की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक उद्देश्य के साथ उसका उपयोग कृषि योग्य जमीन को स्थानीय आबादी को रहने के लिए दिया जा सकता है तो यो भी इस शर्त के साथ कि दलमा वन्यजीव अभ्यारण्य की सीमा से 300 मीटर की दूरी पर कोई भी कंक्रीट का निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।" विस्तृत दिशा निर्देश हेतु Eco Sensitive Zone notification no. 680(अ) के प्रावधानानुसार नक्शा अनुज्ञात किया जा सकता है।

विषयांकित समस्या के प्रभावी निराकरण हेतु उपरोक्त के अतिरिक्त आश्रयणी के ईको सेंसेटिव जोन की अधिसूचना की पृष्ठ संख्या 18 के बिंदु 8 के शीर्षक "Ground water" में अंकित कथनों का संदर्भ लिया जाय। उक्त कथन में वर्णित है कि औद्योगिक, वाणिज्यीक उपयोग हेतु भूमिगत जल का निष्कासन के लिए निगरानी समिति की पूर्वानुमति अपेक्षित है। भूमिगत जल का वाणिज्यीकरण (क्रय) निगरानी समिति के अनुमोदन के बिना प्रतिषिद्ध है। इसके अलावे अधिसूचना की पृष्ठ संख्या 18 की बिंदु 9 का भी संदर्भ लिया जाय। जिसके अनुसार ESZ में स्थित पहाड़ी ढलानों पर कोई भी निर्माण कार्य (Construction work) अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

E:\Pen drive mousami\C Folder\Court Section\ESZ Maps Mango nagar nigam.doc

Scanned with CamScanner

उल्लेखनीय है कि इस कार्यालय के पत्रांक 500 दिनांक 23.04.2022 के द्वारा आश्रयणी की अधिसूचना के साथ आश्रयणी के ESZ की नक्शा जो की आश्रयणी के ESZ के सीमांकन के संबंध में एक प्रमाणिक नक्शा है तथा उक्त नक्शा भारत सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा दिनांक 29.03.2012 को निर्गत दलमा वन्यजीव अभ्यारण्य की ESZ की अधिसूचना की पृष्ठ संख्या 8 एवं 21 में अंकित नक्शा के अनुरूप है, जिसे आपके कार्यालय को इस कार्यालय के पत्रांक 500 दिनांक 23.04.2022 उपलब्ध कराया गया है।

अतः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुलग्नकःयथोक्त।

आपका विश्वासी

ह0/-

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर।

ज्ञापांकः- दिनांकः-

प्रतिलिपिः- अंचलाधिकारी बोड़ाम/अंचलाधिकारी, मानगो/पटमदा एवं चाण्डिल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर।

ज्ञापांकः- दिनांकः-

प्रतिलिपिः- अपर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर/ अपर उपायुक्त, सरायकेला-खरसाँवा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर।

ज्ञापांकः- दिनांकः-

प्रतिलिपिः- उप विकास आयुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर/ उप विकास आयुक्त, सरायकेला-खरसाँवा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर।

ज्ञापांकः- 1082 दिनांकः- 02.8.22

प्रतिलिपिः प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान) चाईबासा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02/8/2022

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर।

E:\Pen drive mousami\C Folder\Court Section\ESZ Maps Mango nagar nigam.doc

Scanned with CamScanner

3130-6

दिनांक 11.07.2023 को निगरानी समिति के द्वारा दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी इको सेन्सिटिव जोन की क्षेत्र भ्रमण की कार्यवाही :–

उपस्थिति :– उपस्थिति–पंजी के अनुसार।

दिनांक 27.06.2023 को सम्पन्न निगरानी समिति की बैठक में नियत कार्यवाही की बिन्दु 11 में उल्लेखित अनुपालन के संदर्भ में इको सेन्सिटिव जोन के क्षेत्र भ्रमण हेतु दिनांक 11.07.2023 को तिथि तय किया गया, जिसकी विधिवत् सूचना इस कार्यालय का पत्रांक 1040 दिनांक 07.07.2023 द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को संसूचित किया गया।

निर्धारित तिथि को संबंधित पदाधिकारीगण मकुलाकोचा स्थित (दलमा) Education & Research Centre में उपस्थित हुए। तत्पश्चात् सभी पदाधिकारियों को दलमा इको सेन्सिटिव जोन के वैधानिक एवं भौगोलिक स्थिति के संबंध में अवगत कराया गया तथा इसी कम में संबंधित पदाधिकारियों को इको सेन्सिटिव जोन (ESZ) की मानचित्र एवं अधिसूचना उपलब्ध कराया गया। Orentation Programme के तौर पर सभी आगंतुकों को ESZ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। तदोपरान्त क्षेत्र भ्रमण की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

सर्वप्रथम संबंधित पदाधिकारियों द्वारा मकुलाकोचा (दलमा) से प्रस्थान करते हुए NH-33 संलग्न इको सेन्सिटिव जोन (ESZ) का Visual Survey किया गया। इसी कम में इको सेन्सिटिव जोन (ESZ) में अवस्थित कतिपय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, भंडार गृह, ढाबा, होटल, मकानों आदि का अवलोकन किया गया। पूछ–ताछ के कम में यह ज्ञात हुआ कि कई निर्माण वर्ष–2012 से पूर्व का है, जबकि कुछ उसके बाद का है। ज्यादातर निर्माण रैयती भूमि में अवस्थित है। भ्रमण प्रकिया को जारी रखते हुए अनुसंधान दल इसी यात्रा श्रृखंला में मौजा पातीपानी होते हुए जाँच दल गेरूआ से डिमना चौक होते हुए देवधर – भिलाईपहाड़ी तक भ्रमण किया गया तथा उनके द्वारा भ्रमण पथ के संलग्न (ESZ) में व्याप्त मानवीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, कार्यकलापों एवं विनिर्माणों को संज्ञान में लिया गया। निर्णय हुआ कि संबंधित अंचल अधिकारी/कार्यपालक पदाधिकारी एक विस्तृत प्रतिवेदन निगरानी समिति को उपलब्ध करायेंगे। पातीपानी एवं गेरूआ के तरफ से नये निर्माणों को यथासंभव हतोत्साहित करने का प्रयास किया जाय। साथ ही इको सेन्सिटिव जोन में कोई भी निर्माण कार्य का नक्शा पारित करने से पहले वन–विभाग से अनापत्ति लेना अनिवार्य करने का सुझाव दिया गया।

उक्त भ्रमण की कार्यवाही में अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग, चाईबासा एवं जमशेदपुर भी उपस्थित हुए। उनके साथ हुए विमर्श में सभी प्रासंगिक अधिनस्थों के साथ अनुश्रवण हेतु WhatsApp ग्रुप बनाने का निर्णय लिया गया, ताकि जमीनी कार्य सुचारू एवं समयबद्ध रूप से हो सके।

सभी संबंधित पदाधिकारियों को इसकी प्रति भेजी जा रही है।

ह0/–

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक
गज परियोजना, जमशेदपुर
–सह–संयोजक निगरानी समिति
इको सेन्सिटिव जोन
दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी

Scanned with CamScanner

ज्ञापांक दिनांक

प्रतिलिपिः–
1. उप विकास आयुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर
2. उप विकास आयुक्त, सरायकेला खरसांवां
3. अपर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम,जमशेदपुर
4. अपर उपायुक्त, सरायकेला –खरसांवां
5. अनुमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर
6. अनुमण्डल पदाधिकारी, चाण्डिल
7. जिला खनन पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर
8. जिला खनन पदाधिकारी, सरायकेला खरसांवां
9. अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग, जमशेदपुर
10. अधीक्षण अभियंता, विद्युत विभाग, सरायकेला खरसांवां
11. जिला उद्योग समन्वयक, पूर्वी सिंहभूम
12. क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर
13. कारखाना निरीक्षक, पूर्वी सिंहभूम
14. कारखाना निरीक्षक, सरायकेला खरसांवां
15. कार्यपालक पदाधिकारी, मानगो नगर निगम
16. अंचल अधिकारी, मानगो/बोड़ाम/पटमदा/चाण्डिल/नीमडीह को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

sd/–
उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक
गज परियोजना, जमशेदपुर
–सह–संयोजक निगरानी समिति
इको सेन्सिटिव जोन
दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी

E. mail

ज्ञापांक 1123 दिनांक 20.7.2023

प्रतिलिपिः– प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान) प्रमंडल, चाईबासा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/7/2023
उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक
गज परियोजना, जमशेदपुर
–सह–संयोजक निगरानी समिति
इको सेन्सिटिव जोन
दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी

Scanned with CamScanner

3130-7

दिनांक 05-06-2024 को निगरानी समिति के द्वारा दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी इको सेन्सिटिव जोन की क्षेत्र भ्रमण एवं बैठक की कार्यवाही:-

उपस्थिति :– यथा पंजी संधारित।

उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

निर्धारित तिथि को संबंधित पदाधिकारीगण C.H. Area, सोनारी, जमशेदपुर स्थित वन भवन के सभागार में उपस्थित हुए। तत्पश्चात् सभी पदाधिकारियों को दलमा इको सेन्सिटिव जोन के मानचित्र के द्वारा भौगोलिक स्थिति के संबंध में अवगत कराया गया तथा इसी क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को इको सेन्सिटिव जोन (ESZ) की अधिसूचना उपलब्ध कराया गया। O.A. No. 145/2023 में माननीय NGT द्वारा दिनांक 26.04.2024 को निर्गत न्यायादेश के आलोक में सभी पदाधिकारियों को ESZ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। तदोपरान्त क्षेत्र भ्रमण के लिए प्रस्थान किया गया।

सर्वप्रथम इको सेन्सिटिव जोन (ESZ) का Visual Survey किया गया। इसी क्रम में इको सेन्सिटिव जोन (ESZ) में अवस्थित कतिपय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, भंडार गृह, ढाबा, होटल, मकानों आदि का अवलोकन किया गया। पूछ–ताछ के क्रम में यह ज्ञात हुआ कि कई निर्माण वर्ष 2012 से पूर्व का है जबकि कुछ उसके बाद का है।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान ESZ के अन्तर्गत अलकतरा फैक्ट्री STP Limited का निरीक्षण किया गया जहाँ कम्पनी के प्रबंधक द्वारा बताया गया कि कम्पनी द्वारा Coaltar, enamel, epoxy primer, sealing compound एवं HDLC (Anti corrosive Product) का निर्माण किया जाता है। उनके द्वारा बताया गया कि उक्त Industrial परिसर का क्षेत्रफल लगभग 4.91 एकड़ है। परिसर के अवलोकन के क्रम में STP Limited को संचालित पाया गया एवं इस क्रम में निगरानी समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि STP Limited के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर, निगरानी समिति को नियमानुसार कृत कार्रवाई के साथ समर्पित करेंगे।

तत्पश्चात क्षेत्र भ्रमण के दौरान SRG Iron & Steel (P) Ltd. का निरीक्षण किया गया जिसमे समिति द्वारा SRG के परिसर में Slag Screening Point आंशिक रूप से dismantle पाया गया।

Scanned with CamScanner

SRG Iron & Steel (P) Ltd. के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन महाप्रबंधक, DIC, चाईबासा एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर से मांगा गया, जो तीन दिनों के अंदर कृत कार्रवाई सहित समर्पित करेंगे।

तत्पश्चात Balajee Steel Udyog Ltd परिसर का भ्रमण किया गया जहाँ कई Slag Screening मशीन भी पाया गया जिससे प्रतीत होता है कि इस Unit के द्वारा कार्य किया जाता है परन्तु निरीक्षण के समय Unit संचालित नही थी। संचालनकर्त्ता से जब कागजातों की माँग की गयी तो उनके द्वारा Consent to establish, consent to operate Certificate एवं अन्य वांछित कागजात उपस्थापित नही किया गया। Balajee Steel Udyog Ltd की जाँच एवं नियमानुसार कार्रवाई हेतु महाप्रबंधक, DIC चाईबासा एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर को निर्देश दिया गया।

दिनांक 23.04.2024 को प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान) प्रमण्डल, चाईबासा की अध्यक्षता में दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी इको सेन्सिटिव जोन की निगरानी समिति की बैठक की कार्यवाही की कंडिका 6 के आलोक में एक समिति का गठन किया गया था जिसमें महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, चाईबासा को अध्यक्ष बनाया गया है उन्हें नियमानुसार जाँच एवं कृत कार्रवाई प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर (Action Taken Report) के साथ समर्पित करने का निदेश दिया गया ताकि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार को प्रतिवेदन भेजा जा सके। इस प्रतिवेदन पर आवश्यक कार्रवाई हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को इसकी प्रति भेजी जा रही है।

07/6/2024

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर
–सह– संयोजक निगरानी समिति
इको सेन्सिटिव जोन दलमा वन्य
प्राणी आश्रयणी, जमशेदपुर।

7/6/24

अपर प्रधान मुख्य वन
संरक्षक, सिंहभूम रीजन,
जमशेदपुर

प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम
(कोल्हान) प्रमण्डल,
चाईबासा–सह–अध्यक्ष, निगरानी
समिति दलमा ईको सेन्सिटिव जोन
दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी।

C:\Users\acer.HH-NI\Downloads\Dalma_Proceeding_05.06.2024_meeting.doc

Scanned with CamScanner

ज्ञापांक :– दिनांक :–

प्रतिलिपिः– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, सिंहभूम रीजन, जमशेदपुर/केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय निदेशालय, कोलकाता/अपर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर/सरायकेला खरसावाँ/अपर नगर आयुक्त, मानगो नगर निगम, जमशेदपुर/महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, चाईबासा/जिला खनन पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर/सरायकेला खरसावाँ/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई विभाग, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर/सरायकेला खरसावाँ/कार्यपालक अभियंता, लोक निर्माण विभाग, जमशेदपुर/सरायकेला खरसावाँ/कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, जमशेदपुर/सरायकेला खरसावाँ/कारखाना निरीक्षक, जमशेदपुर/सरायकेला खरसावाँ/क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर/वन क्षेत्र पदाधिकारी, दलमा वन्यप्राणी पूर्वी प्रक्षेत्र, जमशेदपुर/दलमा वन्यप्राणी पश्चिमी प्रक्षेत्र, चाण्डिल को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

80/–

उप वन संरक्षक एंव क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर –सह–
संयोजन निगरानी समिति
इको सेन्सिटिव जोन
दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी, जमशेदपुर।

ज्ञापांक :– 915 दिनांक :– 07.06.2024

प्रतिलिपिः प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान) प्रमंडल, चाईबासा को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/6/2024

उप वन संरक्षक एंव क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर –सह–
संयोजन निगरानी समिति
इको सेन्सिटिव जोन
दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी, जमशेदपुर।

Scanned with CamScanner

3130-8

संयुक्त जाँच समिति द्वारा स्थलीय जाँच प्रतिवेदन

दिनांक 23.04.2024 को प्रमंडलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान)–प्रमंडल, चाईबासा की अध्यक्षता में दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी ईको सेंसिटिव जोन (ESZ) की निगरानी समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 325, दिनांक 23.04.2024 की कंडिका 08 के आलोक में गठित समिति के द्वारा माननीय NGT, पूर्वी क्षेत्र बेंच कोलकत्ता द्वारा O.A. No. 145/2023 में दिनांक 26.04.2024 को निर्गत न्यायादेश की कंडिका 04, 05, 06, 07 एवं 08 के अनुपालन के निमित ESZ में अवस्थित इकाई सर्वश्री एस.टी.पी. लिमिटेड, मिर्जाडीह, डिमना, जमशेदपुर एवं सर्वश्री एस. आर.जी. आयरन एण्ड स्टील प्रा.लि., मिर्जाडीह, गेरूआ, पो. घटमदा, जमशेदपुर एवं अन्य सम्बंधित मौजों का स्थलीय निरीक्षण दिनांक 11.06.2024 को किया गया, जिसमे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थें:–

01) महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, चाईबासा।

02) सहायक पर्यावरण अभियन्ता, झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, आदित्यपुर, सरायकेला–खरसावाँ ।

03) कारखाना निरीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर/सरायकेला खरसावाँ ।

04) सहायक विद्युत अभियन्ता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मानगो, जमशेदपुर।

05) वन क्षेत्र पदाधिकारी, दलमा वन्य प्राणी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

समिति के द्वारा उक्त दोनों इकाईयों के भौतिक निरीक्षण एवं निदेश के क्रम में इकाईयों द्वारा समर्पित कागजातों के आलोक में वस्तुस्थिति निम्नवत् है–

01– सर्वश्री एस.टी.पी. लिमिटेड, मिर्जाडीह, डिमना, जमशेदपुर:–

i)	भूमि	:–	4.91 एकड़ (रैयती) ESZ अधिसूचना के तहत इकाई ESZ के अन्दर कार्यरत है।
ii)	स्थापना	:–	इकाई 1988 से स्थापित है।
iii)	उत्पाद	:–	Coal Tar (Coal Tar based Anti-corrosive products and Binding Pitch)
iv)	रोजगार	:–	80 (स्थानीय एवं बाहरी)
v)	विद्युत भार	:–	210 KVA, Electric Supply Circle, Jamshedpur.
vi)	उद्योग आधार	:–	JH06C0017047
vii)	फैक्ट्री लाईसेंस	:–	FCA1535716410201, सर्किल–02, जमशेदपुर, वैधता 31.12.2023
viii)	FIRE NOC	:–	वैधता 31.03.2025
ix)	प्रदूषण नियंत्रण उपकरण अधिष्ठापन:–		

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

a) Water Cooled Condenser to convert smoke and vapour into liquid oil.

b) 9 chimney

c) ETP @ 5 KL/day with zero discharge facility.

d) Rain Water Harvesting plan.

x) GST Paid (2023-24) :– Rs. 13.65 Cr.

xi) गुणवत्ता प्रमाण पत्र :– ISO 9001, ISO 1400, ISO 45001

xii) इकाई के द्वारा JSPCB Certified Lab for Environmental Pollution Maintaining and Analysis के दिनांक 24.02.2024 को निर्गत Atmospheric Pollution, Discipline: Chemical से सम्बंधित टेस्ट रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराई गयी है, जिसमें Particulate Matter (PM 10), SO_2, Ni, As, C_6H_6 इत्यादि को "Well Within Regulatory Limit" पाया गया है।

उक्त टेस्ट रिपोर्ट में Water Discharge को निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया गया है। साथ ही, Stack Height from Ground Level 30.0 मीटर दर्शाया गया है, जो Standard है।

xiii) इकाई के द्वारा इस आशय का शपथनामा समर्पित किया गया है कि इकाई वर्त्तमान प्लांट को आगामी 3–4 वर्षों के भीतर उपयुक्त भूमि मिलने पर स्थानांतरित कर लेगी।

xiv) इकाई के द्वारा समर्पित शपथनामा में यह स्पष्ट किया गया है कि इकाई वर्ष 2012 से ESZ के अन्तर्गत है तथा वर्ष 2012 तक JSPCB के द्वारा निर्गत CTO के तहत् कार्यरत थी। वर्त्तमान में इकाई के पक्ष में कोई CTO & Authorization to Hazardous & Waste Disposal, JSPCB के द्वारा निर्गत नहीं किया गया है।

xv) इकाई W.P.(C) No. 7340/2012 में माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के दिनांक 05, दिनांक 08.07.2013 के क्रम में पारित न्यायादेश "no coercive step shall be taken against the petitioner" के तहत् वर्त्तमान में कार्यरत है।

➢ <u>इकाई के सम्बंध में निम्न तथ्य महत्त्वपूर्ण है:–</u>

01– इकाई के द्वारा इस आशय का शपथनामा दिया गया है कि इकाई आगामी 3–4 वर्षों के अन्दर Suitable Land मिलने पर ESZ से शिफ्ट कर लेगी।

02– वर्त्तमान में इकाई के द्वारा 80 (स्थानीय एवं बाहरी) व्यक्तियों को नियोजन प्रदान किया जा रहा हैं, जिसमें ज्यादातर स्थानीय ग्रामीण है।

03– इकाई के द्वारा उत्पादित सामग्री के Clients मुख्यतः सरकारी उपक्रम है।

04– इकाई द्वारा CSR मद में वर्ष 2020 में ग्रामीण महिलाओं में सिलाई मशीन का वितरण, वर्ष 2021 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जगमोहनपुर, मिर्जाडीह, जमशेदपुर के नवीनीकरण (Renovation), वर्ष 2022 में प्राथमिक विद्यालय, गेरूआ, प्रखण्ड बोड़ाम, पूर्वी सिंहभूम के नवीनीकरण (Renovation) एवं वर्ष 2024 में रेड क्रॉस सोसाईटी, जमशेदपुर के सहयोग से

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

नेत्र शल्य चिकित्सा उपकरणो एवं लामुको के पौष्टिक भोजन पर रू. 12.88 लाख का व्यय किया गया।

➢ <u>उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में इकाई को पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप कार्य करने हेतु निम्न निदेश दिया गया है :–</u>

01– इकाई को 15 दिनों के अन्दर आवश्यकतानुसार औद्योगिक क्षेत्र की भुमि के लिए MD JIADA से आदित्यपुर प्रक्षेत्र के अन्तर्गत Vacant Land/बंद पड़ी इकाई की भूमि को प्राधिकार के प्रचलित दर पर नियम के तहत् उपलब्ध कराने हेतु आवेदन देने का निदेश दिया गया।

02– साथ ही इकाई को स्वयं उपयुक्त भूमि तलाशने हेतु निदेश दिया गया, जिसमें सम्बंधित जिले के उपायुक्त से आवश्यकतानुसार GM Land/CNT Land को Land Pooling के निमित सम्बंधित मौजा के प्रचलित सरकारी दर पर लीज बंदोबस्ती कराने हेतु अनुरोध करने का भी निदेश दिया गया है।

03– वर्त्तमान में इकाई में कच्चा माल लाने एवं तैयार माल को बाहर भेजने हेतु उपयोग में आने वाले भारी वाहनों के आवागमन हेतु इकाई के चारो ओर Haul Road का निर्माण करने का निदेश दिया गया है।

04– इकाई में अधिष्ठापित अग्निशमन उपकरणों के नवीनीकरण यथा बड़े व्यास (Diameter) के Water Pipe Nozzle, Hoist आदि लगाने हेतु इकाई को निदेशित किया गया है।

(Exhibits & Documents attached attached as annexure-A Page No. 1-5)

02– <u>सर्वश्री एस.आर.जी. आयरन एण्ड स्टील प्रा.लि., गिर्जाडीह, गेरूआ, पो. पटमदा, जमशेदपुर</u>

➢ इकाई के स्थलीय निरीक्षण के क्रम में निम्न तथ्य स्पष्ट है :–

i) इकाई लगभग 5.00 एकड़ में वर्ष 1998 में स्थापित है एवं वर्ष 2012 से ESZ के भीतर अवस्थित है।

ii) इकाई के मुख्य प्रवेश द्वार के बाएं तरफ CEAT Tyre के Warehousing का कार्य किया जा रहा है।

iii) Warehousing से सटी खुली भूमि में Bottom Flyash/Slag Boiler का स्क्रीनिंग यूनिट स्थापित है, जो Dismantle अवस्था में है।

iv) प्रवेश द्वार के ठीक सामने शेड दो भागों में विभाजित है, जिसके एक भाग में Flyash Brick निर्माण का Dismantled एवं Defunct Plant स्थापित है। दुसरे भाग में Slag Screening Plant है, जो वर्त्तमान में अकार्यरत अवस्था में है।

v) उक्त शेड के पीछे, इकाई की मुख्य योजना Crowbar, Octgonal Bar, Pickaxe इत्यादि स्थापित है, जो वर्त्तमान में पूर्णतः Defunct प्रतीत होती है।

vi) इकाई प्रबंधन द्वारा समर्पित शपथनामा में स्पष्ट किया गया है कि इकाई द्वारा Production Facility को आगामी 3–4 वर्षों में ESZ से बाहर उपयुक्त भूमि मिलने पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है।

vii) इकाई को झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर के पत्रांक 99, दिनांक 30.01.2024 के द्वारा Slag Screening Plant को बन्द करने तथा Dismantle करने का निदेश दिया

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

गया, जिसके क्रम में इकाई के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची में W.P.(C) No. 732 of 2024 दायर किया गया है।

viii) इकाई के पक्ष में अन्तिम CTO वर्ष 2011 में निर्गत किया गया, जिसकी वैधता 31.03.2012 थी। वर्त्तमान में किसी प्रकार की अनुज्ञप्ति अथवा स्वीकृति निर्गत नहीं है।

➢ इकाई को तत्काल पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप कार्य करने हेतु निम्न निदेश दिया गया है :–

i) मुख्य मार्ग से इकाई तक भारी वाहनों के आवागमन के दौरान होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु पक्की सडक का निर्माण।

ii) इकाई के आस–पास वायु में धुल कणों को उड़ने से रोकने हेतु अविलम्ब Water Sprinkler अधिष्ठापन।

iii) इकाई की खाली पड़ी भूमि पर आगामी वर्षा ऋतु में अधिकाधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण।

iv) इकाई को अविलम्ब ESZ से बाहर पुर्नस्थापित करने हेतु स्वयं उपयुक्त भूमि तलाश करने हेतु निदेश दिया गया है।

(Exhibits & Documents attached attached as annexure-B Page No. 1-28)

माननीय NGT के न्यायादेश की कंडिका 04 एवं 05 के क्रम में समिति के द्वारा दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी तथा ESZ के विभिन्न मौजा यथा शहरबेड़ा, मिर्जाडीह, आसनबनी, पारडीह आदि का भौतिक सर्वेक्षण किया गया है, वस्तुस्थिति निम्नवत् हैं :–

i) राष्ट्रीय राजमार्ग 33 की दाहिनी ओर (राँची से टाटा की ओर जाने पर) अधिकांश भाग में मानव बस्तियां, होटल, मोटेल, झोपड़ी, आवासीय कॉलोनी तथा कई बड़ी कंपनियों के Warehouse/Logistic Support Units स्थापित है। 2–3 फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण की इकाईयाँ स्थापित हैं, जो प्रदूषण की श्वेत श्रेणी (White Category) में आती है।

ii) राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के बायें तरफ (राँची से टाटा की ओर जाने पर) शहरबेड़ा मौजा में 5 लाल ईंट निर्माण की इकाईयाँ एवं विमनियाँ स्थापित हैं जिनमें से एक लाल ईंट निर्माण इकाई सर्वश्री विश्वास ब्रिक्स को JSPCB के द्वारा CTO प्रदान किया गया है तथा 4 लाल ईंट निर्माण की इकाईयाँ बंद पायी गयी है।

iii) साथ ही उक्त मौजा में सर्वश्री भवानी शंकर स्टोन क्रेशर इकाई स्थापित है, जिसे JSPCB द्वारा CTO प्रदान किया गया है। जबकि उसी इकाई के ठीक सामने खुली भूमि पर एक क्रेशर प्लांट पाया गया है, जो कार्यरत अवस्था में है। इस सम्बंध में जिला खनन पदाधिकारी, सरायकेला–खरसावाँ एवं JSPCB से आवश्यक कार्यवाई करने का निदेश दिया गया है।

<u>दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी एवं ESZ की परिधि के अन्तर्गत पर्यावरण की सुरक्षा जन जागरूकता, जन सहभागिता एवं नियामक उपायों के तहत सुनिश्चित किया जा सकता है। इस निमित्त निम्न पहल की जा-सकती है।</u>

i) ESZ की परिधि के अन्तर्गत GM/CNT भूमि की व्यावसायिक कार्यों हेतु लीज बंदोबस्ती पर पूर्ण प्रतिबन्ध।

ii) आवासीय कॉलोनियों, होटल, मोटेल आदि के द्वारा उत्सर्जित कचरा के Disposal पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप किये जाने के निमित अभिप्रेरित किया जाना। इस कार्य हेतु स्थानीय निकायों को सम्मिलित किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

iii) दलमा Foothills तथा आश्रयणी की भूमि को अतिक्रमित होने से बचाने के लिए आवश्यकतानुसार Fencing, Boundary Pillar Demarcation किया जा सकता है।

iv) समस्त ESZ में वन्य प्राणी की सुरक्षा, मानव जीवन की सुरक्षा, जंगल आग से बचाव के उपाय, गजराज के भटकाव आदि की स्थिति में सुरक्षित वन्य क्षेत्रों में भेजने तथा ESZ Boundary से सम्बंधित विषयों के प्रचार–प्रसार हेतु Hoarding, Poster, Banner आदि लगाया जा सकता है। उक्त के सम्बंध में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग से अनुरोध किया गया है।

वन क्षेत्र पदाधिकारी, दलमा वन्यप्राणी पूर्वी प्रक्षेत्र, जमशेदपुर।	*सहायक विद्युत अभियन्ता,* विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मानगो जमशेदपुर।	*कारखाना निरीक्षक,* पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।	*सहायक पर्यावरण अभियन्ता* झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, सरायकेला–खरसावाँ	*महाप्रबंधक,* जिला उद्योग केन्द्र, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

कारखाना निरीक्षक
सरायकेला–खरसावाँ

ज्ञापांक:–202 /चाईबासा, दिनांक:–25/6/ /2024

प्रतिलिपि:– आयुक्त के सचिव, सिंहभूम (कोल्हान) प्रमंडल, चाईबासा /सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ प्रेषित।

महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र, चाईबासा।

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

3730-8A

STP Limited
Mirzapur, Dimna Road, P.O. MGM Medical College
Mango, Jamshedpur - 832110, Jharkhand, India
Phone: +91 90312 01468
Email: itcjsr@stpltd.com
Website: www.stpltd.com
CIN: U23109WB1939PLC008433

Date: 11.06.2024

To
The General Manager
DIC,
Jamshedpur / Chaibasa Office

Sir,

Sub.: DC Visit Report

This refers to your visit dated 11.06.2024 at our factory located at Dimna, Jamshedpur. The required points are given as follows:

1. Name of the Company: **STP Limited**
2. Year of establishment: 1986
3. Electric Load (Contract Demand) : 210 KVA
4. Pollution Control Device Installed:
   a) Water cooled Condenser installed to condensate the vapour into liquid phase, thereby reduces the air pollution
   b) ETP installed @ 5 KL/day to reduce water pollution with Zero discharge facility. The treated water is used for cooling tower and heat exchanger.
   c) Nine Chimneys installed to reduce air pollution
   d) Three DG sets are installed with acoustic enclosure system to reduce sound pollution.
   e) Power Factor meter is installed to increase power factor (0.98) for energy conservation.
   f) Rain water Harvesting Plant installed to make up ground water level.
5. Product Manufactured : Coal Tar (Coal Tar Based Anti Corrosive Products and Binder Pitch)
6. Production Capacity: 500 MT per Month
7. Plan to Shift Factory to Industrial area: We are searching for suitable land to shift the factory
8. Affidavit Letter stating the plan for shifting the factory (attached)
9. Number of Employee, Local and outside : 80
10. List of Client: NTPC/IOCL/HINDALCO/L&T/BHEL/JSW/BIRLA CARBON/SHINE CARBON/VESUVIUS INDIA LTD./MES
11. Certificates : ISO 9001, ISO 14001, ISO 45001, EIL (Enclosed)
12. Revenue (GST) paid to Govt. during 2023-24: Rs. 13,65,20,769.00

Regards,

STP LIMITED

Authorised Signatory

Encl.: ISO Certificates, EIL Certificate, High Court Stay order, Affidavit letter

Scanned with CamScanner

EMAIL- WHATSAPP- CELL-

Ref.no.- IRCS/CSR-2023-24-STP-UT/HS/180/2023-24 Date - 23rd February 2024

Mr S Ravindra Nath
Plant Head
STP LIMITED
Mirzadih, Dimna Road,
P.O.: MGM Medical College,
Jamshedpur-831018

Dear Sir,

Sub: Utilization Certificate for the grant extended by you for the year 2023-24

At the outset, we are immensely thankful to you for extending your generous and kind support to a few of our humanitarian activities. Your contribution has indeed played a significant role in alleviating the suffering of the populace coming from the marginalized sections of the society.

We would like to inform you that the contribution made by your esteemed organization has been utilized in the following programmes conducted by us:

1. For sponsoring Surgical Opthalmic Operating Microscope - Rs. 4,48,000.00

2. For sponsoring 100 Cataract operations with Lens implantation per unit @6000/-x 100 (3 day lodging and fooding with 1 Attainder) Rs. 6,00,000.00

3. For sponsoring 2 months quota of nutritional Food packets & multivitamin tablets @ 100 nos each For TB patients under PM TB Free India Campaign. Per unit @1200/- X 200 pkts Rs. 2,40,000.00

It may not be out of place to mention that at all these events your august presence has enthused our members and volunteers to undertake our efforts vigorously.

We earnestly expect your continual patronage in our future endeavors.

Thanking you,

Yours Faithfully,

23-02-24

(Vijay Kumar Singh)
Hon'ble Secretary
Indian Red Cross Society
Singhbhum Branch
Jamshedpur

Scanned with CamScanner

Under STP Limited Corporate Social Responsibility Scheme
(CSR) for 2023-2024

STP Limited

Enhancing Structures' Life

A BERGER GROUP COMPANY

Donated 1 latest Eye Operating Microscope &
Launch of 100 Eye Operation Campaign

(Free Cataract Operation & Lens Implant)

Indian Red Cross Society, East Singhbhum
@ Ram Manohar Lohia Netralaya, Bagbera

Scanned with CamScanner

Red Cross Jamshedpur NEWS

स्मिता पारिख के संयोजन में 711वां नेत्र शिविर

STP Ltd ने दिया माइक्रोस्कोप, करायेगी 100 नेत्र रोगियों का ऑपरेशन

जमशेदपुर, 17 फरवरी। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी नेत्र रोगियों के लिए बेहतरीन कार्य कर रही है और यहां नेत्र रोगियों की संख्या से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि लोग कितने विश्वास के साथ यहां आते हैं, उक्त विचार आज यहां एसटीपी लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के माध्यम नेत्र ऑपरेशन के लिए एक माईक्रोस्कोप तथा 100 नेत्र रोगियों के ऑपरेशन अभियान की शुरुआत पर कम्पनी के जमशेदपुर प्लांट हेड एस. रवीन्द्रनाथ ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रेड क्रॉस की पेट्रन व 711वें नेत्र शिविर की संयोजक श्रीमती स्मिता पारिख ने कहा कि पिछले 25 वर्षो से अधिक समय से वे रेड क्रॉस के अंधापन निवारण अभियान से जडी

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

Red Cross Jamshedpur NEWS

रेड क्रॉस पूर्वी सिंहभूम की मानवसेवी गतिविधियां सराहनीय - उपायुक्त

पी.एम. टी.बी. फ्री इंडिया में 19वें माह का राशन दिया गया

जमशेदपुर, 20 फरवरी। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम आज राज्य ही नही राज्य के बाहर भी अपने कार्यों से अपनी पहचान रखती है। मानवसेवी गतिविधियों के कार्यान्वयन के मामले में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम सभी जिलों के लिए एक उदाहरण है। उक्त विचार जिला के सवपदस्थापित उपायुक्त सह अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम श्री अन्नय मित्तल ने साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में पीएम टी. बी. फ्री इंडिया कार्यक्रम के 19वें सत्र में जरूरतमंद टी.बी. मरीजों को पौष्टिक आहार व विटामिन के एक माह का पैकेट प्रदान करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा के कार्यों में और तेजी लायेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला के उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने कहा कि रोगी के प्रति जागरूकता रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है, उन्होंने कहा कि आज सरकार लोगों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है और रेड क्रॉस जैसी मानव सेवा कार्यों की करने वाली संस्थाएं इन कार्यों में संवेदनशीलता के साथ लगी हुई है, उन्होंने टी. बी. फ्री इंडिया के साथ जुड़ने वाली निजी कम्पनियों को सराहा तथा कहा कि सभी के सहयोग से ही अपने उच्च लक्ष्य को पा सकते है। इस माह के नियत मित्र के रूप में सहयोगी एसटीपी लिमिटेड के प्लान्ट हेड एस. रवीन्द्रनाथ ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से रेड क्रॉस की गतिविधियों को बहुत ही करीब से देख रहा हूं संस्था द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के अनेकों आयाम पर कार्य किया जा रहा है, और संस्था के सभी कार्य इस क्षेत्र के ऐसे उत्कृष्ट कार्य है, जिससे सीधे किसी न किसी जरूरतमंद के जीवन में बदलाव आता है, उन्हे लाभ होता है। उन्होंने कहा कि अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से इस वर्ष रेड क्रॉस के साथ जो साझीदारी की है वह बेहतरीन है और समाज के हितों को पूरा करने में सहायक है। इससे पूर्व रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के ओर से उपायुक्त श्री अन्नय मित्तल को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया, इस कड़ी में डीडीसी श्री मनीष कुमार एवं एसटीपी के प्लान्ट हेड एस. रवीन्द्रनाथ का स्वागत भी पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया, कार्यक्रम में सारवाही गहिसा मंच की मंजू मुसरी वीणा अग्रवाल एवं अजय मुसरी तथा लॉयन्स क्लब की श्रीमती पुरबी घोष ने भाग लिया। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने पिछले 19 माह से लगातार प्रत्येक माह जरूरतमंद टी.बी. मरीजों को एक महीने का पौष्टिक राशन एवं विटामिन की खुराक आज पुनः अतिथियों के माध्यम से प्रदान किया गया।

Scanned with CamScanner

Red Cross Jamshedpur NEWS

पीएम टी.बी. फ्री इंडिया का पोषण सहयोग 20 फरवरी को



जमशेदपुर, 19 फरवरी। प्रधानमंत्री टी. बी. मुक्त भारत अभियान के लिए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा जरूरतमंद टी.बी. मरीजों को स्वास्थ्यवर्धक पौष्टिक एक महीने की राशन सामग्री के साथ एक महीने का विटामिन नियमित रूप से प्रदान किया जा रहा है. इस कड़ी में 20 फरवरी को रेड क्रॉस भवन, साकची में हमेशा की तरह पौष्टिक सामग्री एवं विटामिन टी. बी. मरीजों को प्रदान किया जायेगा, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला के उपायुक्त सह अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम श्री अनन्य मित्तल, उपविकास आयुक्त मनीष कुमार तथा अन्य वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी तथा एसटीपी लिमिडेट के प्लांट हेड एस. रवीन्द्र नाथ, सुभाष भट्टाचार्यजी एवं अन्य पदाधिकारी सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इस माह तथा मार्च 2024 के लिए निक्षय मित्र के रूप में अपने सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के तहत एसटीपी लिमिडेट जो कि बर्जर समुह की कम्पनी है, के द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर टी. बी. फ्री इंडिया अभियान में रेड क्रॉस के नियमित सहयोगी भी अतिथि के रूप में भाग लेंगे तथा टी. बी. मरीजों को राशन एवं दवा वितरित करेंगे। उक्त जानकारी रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने प्रदान किया।

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

Red Cross Jamshedpur NEWS

711वां नेत्र शिविर में नेत्र रोगियों का ऑपरेशन सम्पन्न

एसटीपी लिमिटेड के सहयोग से फरवरी-मार्च में 100 ऑपरेशन

जमशेदपुर, 18 फरवरी। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के सहयोग से चलाये जा रहे अंधापन निवारण अभियान का कार्य काफी सराहनीय है और ऐसे कार्य सीधे जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाने वाले हैं उक्त विचार जमशेदपुर में बर्जर समुह की कम्पनी एसटीपी लिमिटेड के प्लान्ट हेड एस. रबीन्द्र नाथ ने समाजसेवी एवं रोटेरियन श्रीमती स्मिता पारिख एवं राज पारिख के संयोजन में आयोजित 711वें नेत्र शिविर का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किया। श्री रबीन्द्र नाथ ने कहा कि रेड क्रॉस के साथ सामाजिक गतिविधियों के कार्यक्रमों से जुड़कर कम्पनी को खुशी है उन्होने कहा कि इस अच्छे कार्य में एक माइक्रोस्कोप प्रदान करने की

Scanned with CamScanner

STP Limited

Mirzadih, Dimna Road, MGM Medical College
Mango, Jamshedpur - 831018
Jharkhand.

Photographs of Recipients of Sewing Machines – CSR FY 20

Sl No. 39 : Mrs. Pushpa Kisku	*Sl No. 23 : Mrs. Namita Mondal*
Sl No. 29 : Mrs. Kaushalya Devi	*Sl No. 40 : Mrs.*

Scanned with CamScanner

STP Limited

Mirzadih, Dimna Road, MGM Medical College
Mango, Jamshedpur - 831018
Jharkhand.

Photographs of Recipients of Sewing Machines – CSR FY 20

Sl No. 30 : Mrs. Purnima Tantubai

Sl No. 31 : Mrs. Sunita Hansda

Sl No. 32 : Mrs. Pinki Bankira

Sl No. 33 : Mrs. Fulmati Devi

Scanned with CamScanner

STP Limited

Mirzadih, Dimna Road, MGM Medical College
Mango, Jamshedpur - 831018
Jharkhand.

Photographs of Recipients of Sewing Machines – CSR FY 20

Sl No. 22 : Mrs. Sarla Das

Sl No. 27 : Mrs. Kuntiwala Mahato

Sl No. 24 : Mrs. Fuljhari Devi

Sl No. 25 : Mrs. Lalita Devi

Scanned with CamScanner

STP Limited

Mirzadih, Dimna Road, MGM Medical College
Mango, Jamshedpur - 831018
Jharkhand.

Photographs of Recipients of Sewing Machines – CSR FY 20

Sl No. 20 : Daughter of Mrs. Nanika Devi

Sl No. 06 : Mrs. Meera Devi

Sl No. 07 : Mrs. Lalita Tantubai

Sl No. 12 : Mrs. Josna Das

Scanned with CamScanner

STP Limited

Mirzadih, Dimna Road, MGM Medical College
Mango, Jamshedpur - 831018
Jharkhand.

Photographs of Recipients of Sewing Machines – CSR FY 20

Sl No. 16 : Mrs. Churamani Sahis	*Sl No.04 : Mrs. Yashoda Gorai*
Sl No. 10 : Mrs. Sheli Devi	*Sl No. 21 : Mrs. Lilavati Devi*

Scanned with CamScanner

(40)

Initial Status (before renovation) Final Status (After rengvation)

Utkramit Madhya Vidyalaya, Jagmohanpur, Mirzadih, Jamshedpur (Jharkhand)

Corporate Social Responsibility FY 21 – Jamshedpur

STP Limited

Jamshedpur

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

Initial Status (before renovation)

Final Status (After renovation)

Prthamik Vidyalaya, Gerua, Block - Boram , East Singhbhum Jamshedpur (Jharkhand)

Corporate Social Responsibility FY 2022 – Jamshedpur

STP Limited

Jamshedpur

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner

IN THE HIGH COURT OF JHARKHAND AT RANCHI

W. P. (C) No. 7340 of 2012

[illegible] Limited, a registered company
under the Indian Companies Act, 1956 ..... Petitioner

Versus

The Union of India & others ..... Respondents

CORAM: HON'BLE MR. JUSTICE APARESH KUMAR SINGH

For the Petitioner : Mr. H. K. Shikarwar, Adv.
For the Respondents : J. C. to A.G.

5/8.7.2013 Two weeks' time by way of last indulgence is granted to the learned counsel for the State to seek instruction and file counter affidavit in the matter, for which earlier time has also been granted.

List this case under the heading for admission as has been ordered by order dated 24th January, 2013 itself.

Till then, no coercive steps shall be taken against the petitioner.

[illegible]

Scanned with CamScanner

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
ENGINEERS INDIA LIMITED

Procurement Development Department

M/s [illegible] Limited
[illegible]
[illegible]

Subject: Revalidation of Enlistment with EIL

Dear Sirs,

We refer to your application on subject matter and are pleased to inform that your enlistment with EIL has been revalidated for the items as described below:

Item Description	Material / Range
Coating Matl.	CTL/Primer
Coal Tar Coating Tapes	Upto 4mm thickness

(This enlistment is valid for your works located at Mirzadih Umna Road, SAGM Post Office, Medical College, Jamshedpur, Jharkhand – 831018)

Kindly note enlistment with EIL does not guarantee any regular flow of enquiries. For information on enquiries issued by EIL, kindly refer our Tender Website (https://tenders.eil.co.in/) / CPP portal (https://eprocure.gov.in/cppp/). In the event of direct / indirect orders for the projects executed by EIL, supplier shall quote / submit offer and supply material strictly as per the material / range / works as stated above including agreed responsibility matrix, as applicable. Secondly, kindly keep on submitting your regular quotes for EIL RFQ's failing which, EIL shall be entitled to declare you as Dormant supplier as per the Terms and Conditions for enlistment.

Any change in the product range, location of Works/Sales Office, Management/ Organization structure etc., shall be intimated to us immediately along with relevant document for our necessary action. Further, kindly update your contact details on regular basis so that you may keep on receiving EIL communications. Also, kindly ensure submission of your Audited Annual Report on yearly basis to enable us update your latest financial data.

Please note that this enlistment is subject to satisfactory execution of orders in delivery and quality of above items which ordered for various projects of EIL/our clients. You are expected to adopt ethics of highest standard and a very high degree of integrity, commitment & sincerity towards the work undertaken for projects under EIL execution, failing which, EIL shall be entitled to initiate actions as specified in EIL procedure for Suspension/Banning of business dealings, displayed on EIL website.

The validity of this ENLISTMENT is upto 31st May, 2025. You are advised to apply for revalidation "on-line", 6 months before expiry of the enlistment. Detailed procedures for revalidation can be seen on our website https://enlist.eil.co.in/sesma/

Kindly acknowledge unconditional acceptance of this letter and send us a signed and stamped copy of this letter for our records.

Thanking you.

Very truly yours,

Neeraj Mathur
Chief GM & HOD (PDD)

नीरज माथुर / NEERAJ MATHUR
मुख्य महाप्रबंधक एवं प्रमुख
Chief G.M. & HOD (PDD)
इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड / ENGINEERS INDIA LIMITED
(भारत सरकार का उद्यम / A Govt. Of India Undertaking)
नई दिल्ली / New Delhi-110066

Scanned with CamScanner

TÜV NORD

CERTIFICATE

Management system as per

ISO 14001 : 2015

The Certification Body TÜV NORD CERT GmbH hereby confirms as a result of the audit, assessment and certification decision according to ISO/IEC 17021-1:2015, that the organization

STP LIMITED
Dimna Road, P.O. MGM Medical College,
Mirjadih, Jamshedpur - 831 018,
Jharkhand,
India

STP Limited

operates a management system in accordance with the requirements of ISO 14001 : 2015 and will be assessed for conformity within the 3 year term of validity of the certificate.

Scope -

Manufacture of Coal Tar Products, Coal Tar Pitch, Coal Tar Based Road Sealer, Sealant, Epoxy & Pipe Protection Material.

Certificate Registration No. 44 104 21393293
Audit Report No. 2.5-10451/2021

Valid from 08.05.2023
Valid until 05.04.2025
Initial certification 06.04.2020

Certification Body
at TÜV NORD CERT GmbH

Mumbai, 08.05.2023

TÜV NORD CERT GmbH Am TÜV 1 45307 Essen www.tuev-nord-cert.com
TÜV India Pvt. Ltd., 601, Raheja Plaza – 1, L.B.S. Marg, Ghatkopar (W), Mumbai - 400 086, India www.tuvindia.com

DAkkS

Scanned with CamScanner

TÜV NORD

CERTIFICATE

Management system as per

ISO 45001 : 2018

The Certification Body TÜV NORD CERT GmbH hereby confirms as a result of the audit, assessment and certification decision according to ISO/IEC 17021-1:2015, that the organization

STP LIMITED
Dimna Road, P.O. MGM Medical College,
Mirjadih, Jamshedpur - 831 018,
Jharkhand,
India

STP Limited

operates a management system in accordance with the requirements of ISO 45001 : 2018 and will be assessed for conformity within the 3 year term of validity of the certificate.

Scope -

Manufacture of Coal Tar Products, Coal Tar Pitch, Coal Tar Based Road Sealer, Sealant, Epoxy & Pipe Protection Material.

Certificate Registration No. **44 126 21393293**
Audit Report No. **2.5-10451/2021**

Valid from **08.05.2023**
Valid until **05.04.2026**
Initial certification **06.04.2020**

Certification Body
at TUV NORD CERT GmbH

Mumbai, **08.05.2023**

DAkkS Deutsche Akkreditierungsstelle D-ZM-11001-01-00

Scanned with CamScanner

32

TÜV NORD

CERTIFICATE

Management system as per

ISO 9001 : 2015

The Certification Body TÜV NORD CERT GmbH hereby confirms as a result of the audit, assessment and certification decision according to ISO/IEC 17021-1:2015, that the organization

STP LIMITED
Dimna Road, P.O. MGM Medical College,
Mirjadih, Jamshedpur - 831 018,
Jharkhand,
India

STP Limited

operates a management system in accordance with the requirements of ISO 9001 : 2015 and will be assessed for conformity within the 3 year term of validity of the certificate.

Scope -

Manufacture of Coal Tar Products, Coal Tar Pitch, Coal Tar Based Road Sealer, Sealant, Epoxy & Pipe Protection Material.

Certificate Registration No. **44 100 21393293**
Audit Report No. **2.5-10451/2021**

Valid from **08.05.2023**
Valid until **05.04.2025**
Initial certification **06.04.2020**

Certification Body
at TÜV NORD CERT GmbH

Mumbai, **08.05.2023**

DAkkS Deutsche Akkreditierungsstelle D-ZM-12007-01-00

Scanned with CamScanner

GST 31

Summary of Sale 2023-24

Month	Our GSTIN	Total Sale	IGST	CGST	SGST	GST Liability
April-23	20AAECS6339M1Z7	4,25,75,378	73,03,365	1,80,102	1,80,102	76,63,569
May-23	20AAECS6339M1Z7	6,95,14,097	1,09,26,534	4,92,330	4,92,330	1,19,11,194
June-23	20AAECS6339M1Z7	6,71,69,308	1,16,94,546	1,97,965	1,97,965	1,20,90,476
July-23	20AAECS6339M1Z7	6,75,29,962	1,13,12,878	2,57,782	2,57,782	1,18,28,441
21.	Undertaking activities related to tourism like over-flying the National Park area by any aircraft, hot-air balloons	Yes		
22.	Protection of hill slopes and river banks		Yes	
23.	Discharge of effluents and solid waste in natural water bodies or terrestrial area	Yes		
24.	Air and vehicular pollution		Yes	
25.	Sign boards & hoardings		Yes	
26.	Adoption of green technology for all activities			Yes

[F. No. Jharkhand/1/2011-ESZ]

DR. G. V. SUBRAHMANYAM, Scientist 'G'

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

Scanned with CamScanner

Annexure-3

झारखण्ड सरकार

प्रमण्डलीय आयुक्त का कार्यालय, सिंहभूम(कोल्हान)प्रमण्डल, चाईबासा।

ई–मेल आईडी० — comm_cbsa@rediffmail.com

पत्रांक :– 588 दिनांक :– 14-08-2024

प्रेषक,

प्रमण्डलीय आयुक्त,
सिंहभूम (कोल्हान) प्रमण्डल,
चाईबासा–सह– अध्यक्ष,
निगरानी समिति दलमा ईको सेंसेटिव जोन,
दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी।

सेवा में,

Dr. Veenu Joon
Scientist ' E'
Indira Paryavaran Bhawan, Jor bagh Road, Aligunj,
Minisitry of Enivironment, Forest and Climate Change
(ESZ- Division) Government of India
New Delhi- 110003

विषय :– O.A .No- 145 of 2023 (EZ) titled as tribunal on its own motion vs state of Jharkhand & Ors- reg.

प्रसंग :– आपका पत्रांक– 02/03/2024–ESZ दिनांक 22.07.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में निगरानी समिति दलमा वन्य आश्रयणी, ईको सेंसिटिव जोन के द्वारा दिनांक 05.06.2024 को किये गये स्थलीय निरीक्षण के दौरान दिये गये निदेश के आलोक में उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर –सह– संयोजक निगरानी समिति, दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी इको सेंसिटिव जोन के पत्रांक– 2060 दिनांक 08.08.2024, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र चाईबासा के पत्रांक–82 दिनांक 06.08.2024 एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् जमशेदपुर के पत्रांक–863 दिनांक 05.08.2024 द्वारा कृत कार्रवाई प्रतिवेदन (Action Taken Report) उपलब्ध कराया गया है।

अतः प्राप्त प्रतिवेदनों की छायाप्रति संलग्न कर अगेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वास भाजन,

14/08/2024

प्रमण्डलीय आयुक्त,
सिंहभूम (कोल्हान) प्रमण्डल,
चाईबासा–सह– अध्यक्ष,
निगरानी समिति दलमा ईको सेंसेटिव जोन,
दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी।

Vijoon 20/8/24
LA(ESZ)

दिनांक 05-06-2024 को निगरानी समिति के द्वारा दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी इको सेन्सिटिव जोन की क्षेत्र भ्रमण एवं बैठक की कार्यवाही:-

उपस्थिति :- यथा पंजी संधारित।

उपस्थित पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त कर बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

निर्धारित तिथि को संबंधित पदाधिकारीगण C.H. Area, सोनारी, जमशेदपुर स्थित वन भवन के सभागार में उपस्थित हुए। तत्पश्चात् सभी पदाधिकारियों को दलमा इको सेन्सिटिव जोन के मानचित्र के द्वारा भौगोलिक स्थिति के संबंध में अवगत कराया गया तथा इसी क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को इको सेन्सिटिव जोन (ESZ) की अधिसूचना उपलब्ध कराया गया। O.A. No. 145/2023 में माननीय NGT द्वारा दिनांक 26.04.2024 को निर्गत न्यायादेश के आलोक में सभी पदाधिकारियों को ESZ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। तदोपरान्त क्षेत्र भ्रमण के लिए प्रस्थान किया गया।

सर्वप्रथम इको सेन्सिटिव जोन (ESZ) का Visual Survey किया गया। इसी क्रम में इको सेन्सिटिव जोन (ESZ) में अवस्थित कतिपय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, भंडार गृह, ढाबा, होटल, मकानों आदि का अवलोकन किया गया। पूछ-ताछ के क्रम में यह ज्ञात हुआ कि कई निर्माण वर्ष 2012 से पूर्व का है जबकि कुछ उसके बाद का है।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान ESZ के अन्तर्गत अलकतरा फैक्ट्री STP Limited का निरीक्षण किया गया जहाँ कम्पनी के प्रबंधक द्वारा बताया गया कि कम्पनी द्वारा Coaltar, enamel, epoxy primer, sealing compound एवं HDLC (Anti corosive Product) का निर्माण किया जाता है। उनके द्वारा बताया गया कि उक्त Industrial परिसर का क्षेत्रफल लगभग 4.91 एकड़ है। परिसर के अवलोकन के क्रम में STP Limited को संचालित पाया गया एवं इस क्रम में निगरानी समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि STP Limited के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर, निगरानी समिति को नियमानुसार कृत कार्रवाई के साथ समर्पित करेंगे।

तत्पश्चात क्षेत्र भ्रमण के दौरान SRG Iron & Steel (P) Ltd. का निरीक्षण किया गया जिसमे समिति द्वारा SRG के परिसर में Slag Screening Point आंशिक रूप से dismantle पाया गया।

C:\Users\...\Minutes Proceeding_2024-2025_...

Scanned with CamScanner

SRG Iron & Steel (P) Ltd. के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन महाप्रबंधक, DIC, चाईबासा एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर, से मांगा गया, जो तीन दिनों के अंदर गृहत कार्रवाई सहित समर्पित करेंगे।

तत्पश्चात Balajee Steel Udyog Ltd परिसर का भ्रमण किया गया जहाँ कई Slag Screening मशीन भी पाया गया जिससे प्रतीत होता है कि इस Unit के द्वारा कार्य किया जाता है परन्तु निरीक्षण के समय Unit संचालित नही थी। संचालनकर्त्ता से जब कागजातों की माँग की गयी तो उनके द्वारा Consent to establish, consent to operate Certificate एवं अन्य वांछित कागजात उपस्थापित नही किया गया। Balajee Steel Udyog Ltd की जाँच एवं नियमानुसार कार्रवाई हेतु महाप्रबंधक, DIC चाईबासा एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर को निर्देश दिया गया।

दिनांक 23.04.2024 को प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान) प्रमण्डल, चाईबासा की अध्यक्षता में दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी इको सेंन्सिटिव जोन की निगरानी समिति की बैठक की कार्यवाही की कंडिका 6 के आलोक में एक समिति का गठन किया गया था जिसमें महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, चाईबासा को अध्यक्ष बनाया गया है उन्हें नियमानुसार जाँच एवं कृत कार्रवाई प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर (Action Taken Report) के साथ समर्पित करने का निवेश दिया गया ताकि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार को प्रतिवेदन भेजा जा सके। इस प्रतिवेदन पर आवश्यक कार्रवाई हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को इसकी प्रति भेजी जा रही है।

07/6/2024		
उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर –सह– संयोजक निगरानी समिति इको सेन्सिटिव जोन दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी, जमशेदपुर।	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, सिंहभूम सीजन, जमशेदपुर	प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान) प्रमण्डल, चाईबासा–सह–अध्यक्ष, निगरानी समिति दलमा ईको सेन्सिटिव जोन दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी।

C:\Users\DELL-VII\Downloads\Dalma_Monitoring_05.06.2024_meeting.doc

Scanned with CamScanner

कार्यालय–उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर
वन भवन, सी०एच० एरिया,(वेस्ट–बेस्ट) पारसी डायनगढ़ एवं साईं मंदिर के पास,
पो–सोनारी, जमशेदपुर 831011
e-mail-dfo-dirpe@nov.in , dcffdjsr@gmail.com ; ☎-0657-2233041 (O) 2960039 (R)

पत्रांक 2060 दिनांक 08.08.2024

सेवा में,

प्रमण्डलीय आयुक्त
सिंहभूम (कोल्हान) प्रमण्डल,
चाईबासा।

विषयः– O.A No.145/2023(EZ) titled as Tribunal on its Own Motion Vs State of Jharkhand & Ors-Reg.

प्रसंगः– भवदीय पत्रांक 574 दिनांक 05.08.2024 एवं महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, चाईबासा का पत्रांक 82/कैम्प दिनांक 06.08.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, चाईबासा के पत्रांक 82/कैम्प दिनांक 06.08.2024 द्वारा Dr. Veenu Joon, Scientist 'E', Ministry of Environment, Forest & Climate Change (ESZ&Division) Government of India के पत्रांक 02/03/2021-ESZ दिनांक 22/07/2024 से सम्बंधित प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित किया गया है (अनुलग्नक–1)

उक्त प्रतिवेदन में संलग्न संयुक्त जाँच समिति द्वारा स्थलीय जाँच प्रतिवेदन में सर्वश्री STP Ltd. Mirzadih, Dimna, Jamshedpur एवं सर्वश्री SRG Iron & Steel Pvt Ltd. Mirzadih.Genua. Jamshedpur का जाँच प्रतिवेदन सम्मिलित किया गया है। उक्त दोनो ईकाईयों को इस कार्यालय के पत्रांक क्रमशः 1328 दिनांक 26.07.2024 एवं 1335 दिनांक 26.07.2024 द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19(बी) के अन्तर्गत नोटिस निर्गत किया गया है। (छायाप्रति संलग्न)

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

आपका विश्वासी

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर।

E:\Govt Section\List of cases pending in ESZ\O.A No-567-2023-EZ revised 06.08.24.doc

Scanned with CamScanner

कार्यालय–उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर
वन भवन, सीएचए परिसर,(नॉर्थ–वेस्ट) पारसी अग्यारी एवं साई मंदिर के पास,
पो–सोनारी, जमशेदपुर 831011
e-mail-dfo-dirpe@gov.in ; Tele No.0657-2233041 (O), 2960039(R)

पत्रांक 1328 दिनांक 26.07.2024

नोटिस बनाम:–

S.T.P Ltd अलकतरा फैक्ट्री
निर्जाडीह, प्लॉट नं– 1091, 1092, 1093, 1094
थाना– बोड़ाम, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम

विषय:– पर्यावरण(संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19(बी) के अन्तर्गत नोटिस

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आपका प्रतिष्ठान दलमा इको सेन्सिटिव जोन के अन्तर्गत अवस्थित है जो इको सेन्सिटिव जोन की अधिसूचना संख्या S.O. 680(A) दिनांक 29.03.2012 में निहित प्रावधानों, Environment Protection Act 1986 एवं अन्य वन अधिनियमों के नियमों के विरुद्ध है।

दलमा इको सेन्सिटिव जोन की निगरानी समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 (बी) के तहत् नोटिस देते है कि आप दिनांक 12.08.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अन्यथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 19 एवं विभिन्न वन अधिनियमों के अन्तर्गत इको सेन्सिटिव जोन की निगरानी समिति द्वारा नियमानुसार विधिसम्मत कार्रवाई बाध्यता होगी।

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर–सह–
संयोजक, निगरानी समिति, दलमा इको
सेन्सिटिव जोन दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी

C:\Court Section\list of contractors in ESZ\notice letter.doc

Scanned with CamScanner

कार्यालय–उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर
वन भवन, सीएच० एरिया,(नॉर्थ–वेस्ट) पासली आश्रमगाछ एवं साँई मंदिर के पास,
पो–सोनारी, जमशेदपुर 831011
e-mail-dfo-dirpe@gov.in ; Tele No.0557-2235041 (O), 2960039(R)

पत्रांक .1335 दिनांक 26.07.2024

नोटिस धनाम:–

SRG Iron and Steel (P) Ltd
गैरूआ, प्लॉट नं– 260, 261, 262
थाना– बोड़ाम, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम

विषय:– पर्यावरण(संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19(बी) के अन्तर्गत नोटिस

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आपका प्रतिष्ठान दलमा इको सेन्सिटिव जोन के अन्तर्गत अवस्थित है जो इको सेन्सिटिव जोन की अधिसूचना संख्या S.O. 680(A) दिनांक 29.03.2012 में निहित प्रावधानों, Environment Protection Act 1986 एवं अन्य वन अधिनियमों के नियमों के विरुद्ध है।

दलमा इको सेन्सिटिव जोन की निगरानी समिति द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 (बी) के तहत् नोटिस देते है कि आप दिनांक 12.08.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अन्यथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 19 एवं विभिन्न वन अधिनियमों के अन्तर्गत इको सेन्सिटिव जोन की निगरानी समिति द्वारा नियमानुसार विधिसम्मत कार्रवाई बाध्यता होगी।

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर–सह–
संयोजक, निगरानी समिति, दलमा इको
सेन्सिटिव जोन दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी

Scanned with CamScanner

कार्यालय–उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर
वन भवन, सी०एच० एरिया,(नॉर्थ-वेस्ट) पारसी आरामगाह एवं साई मंदिर के पास,
पो–सोनारी, जमशेदपुर 831011
e-mail-dfo-dirpe@gov.in , dcfdjsr@gmail.com ; ☎-0657-2233041 (O) 2960039 (R)

पत्रांक– दिनांक–

सेवा में,

उपायुक्त,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

विषय:– माननीय NGT में दायर वाद O.A No. 567/2023/EZ renumbered as O.A No. 145/2023/EZ में पारित आदेश के अनुपालन के संबंध में।

संदर्भ:– झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर का ज्ञापांक 844 दिनांक 31.07.2024

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में माननीय NGT में दायर वाद O.A No. 567/2023/EZ renumbered as O.A No. 145/2023/EZ में पारित आदेश के अनुपालन के क्रम में झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर द्वारा सूचित किया गया है कि दिनांक 23.07.2024 को मेसर्स बालाजी स्टील उद्योग, जमशेदपुर की स्थलीय निरीक्षण क्रम में उक्त ईकाई चालू अवस्था में पाया गया। (छायांप्रतिं संलग्न)

विदित हो कि उक्त ईकाई दलमा ईको सेंसिटिव जोन संचालित है एवं 'पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या– 598 दिनांक 29.03.2012 दलमा अभ्यारण्य की कंडिका संख्या–3(1)(क) के अनुसार इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन या उसके पश्चात् प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को ईको सेन्सिटिव जोन के भीतर स्थापित किया जाना अनुज्ञात नहीं है।'

अनुरोध है कि उक्त संचालित ईकाई को पूर्ण रूप से बंद कराने की दिशा में यथोचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

अनुलग्नक:यथोक्त।।

विश्वासभाजन

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक
गज परियोजना, जमशेदपुर।

ज्ञापांक:– 2059 दिनांक:– 08.08.2024

प्रतिलिपि:– प्रमण्डलीय आयुक्त,सिंहभूम (कोल्हान) प्रमंडल, चाईबासा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर।

Scanned with CamScanner

कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा

पत्रांक 82 / कैम्प जमशेदपुर, दिनांक 06 / 08 /2024

सेवा में,

महाप्रबंधक
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
गज परियोजना, जमशेदपुर–सह–
संयोजक निगरानी समिति, दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी,
ईको सेंसिटिव जोन।

विषय– O-A No– 14 / 2023(EZ) titled as Tribunal on its Own Motion V/s Jharkhand & Ors-reg.

संदर्भ– प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान प्रमण्डल), चाईबासा का पत्रांक 574 / चाईबासा, दिनांक 05 / 08 / 2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक, प्रासंगिक पत्र के आलोक में सादर सूचित करना है कि Dr. Veenu Joon, Scientist 'E', Ministry of Environment, Forest & Climate Change (ESZ-Division), Government of India के पत्रांक 02 / 03 / 2021–ESZ दिनांक 22 / 07 / 2024 से सम्बंधित प्रतिवेदन पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

धन्यवाद।

विश्वासभाजन,
for. 06/08/24
महाप्रबंधक
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

Scanned with CamScanner

संयुक्त जाँच समिति द्वारा स्थलीय जाँच प्रतिवेदन

दिनांक 23.04.2024 को प्रमंडलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान)-प्रमंडल, चाईबासा की अध्यक्षता में दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी ईको सेंसिटिव जोन (ESZ) की निगरानी समिति की बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 325, दिनांक 23.04.2024 की कंडिका 06 के आलोक में गठित समिति के द्वारा माननीय NGT, पूर्वी क्षेत्र बेंच कोलकत्ता द्वारा O.A. No. 145/2023 में दिनांक 26.04.2024 को निर्गत न्यायादेश की कंडिका 04, 05, 06, 07 एवं 08 के अनुपालन के निमित्त ESZ में अवस्थित इकाई सर्वश्री एस.टी.पी. लिमिटेड, मिर्जाडीह, डिमना, जमशेदपुर एवं सर्वश्री एस. आर.जी. आयरन एण्ड स्टील प्रा.लि., मिर्जाडीह, गैरुआ, पो. पटमदा, जमशेदपुर एवं अन्य सम्बंधित मौजों का स्थलीय निरीक्षण दिनांक 11.06.2024 को किया गया, जिसमे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थें:-

01) महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, चाईबासा।

02) सहायक पर्यावरण अभियन्ता, झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, आदित्यपुर, तरायकोला-खरसावाँ ।

03) कारखाना निरीक्षक, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर/~~गम्हरिया खरसावाँ~~ ।

04) सहायक विद्युत अभियन्ता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, भानगो, जमशेदपुर।

05) वन क्षेत्र पदाधिकारी, दलमा वन्य प्राणी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

समिति के द्वारा उक्त दोनों इकाईयों के भौतिक निरीक्षण एवं निदेश के क्रम में इकाईयों द्वारा समर्पित कागजातों के आलोक में वस्तुस्थिति निम्नवत् है-

01- सर्वश्री एस.टी.पी. लिमिटेड, मिर्जाडीह, डिमना, जमशेदपुर-

i)	भूमि	:-	4.91 एकड़ (रैयती) ESZ अधिसूचना के तहत इकाई ESZ के अन्दर कार्यरत है।
ii)	स्थापना	:-	इकाई 1986 से स्थापित है।
iii)	उत्पाद	:-	Coal Tar (Coal Tar based Anti-corrosive products and Binding Pitch)
iv)	रोजगार	:-	80 (स्थानीय एवं बाहरी)
v)	विद्युत भार	:-	210 KVA, Electric Supply Circle, Jamshedpur.
vi)	उद्योग आधार	:-	JH06C0017047
vii)	फैक्ट्री लाईसेंस	:-	FCA15357 16410201, सर्किल-02, जमशेदपुर, वैधता 31.12.2023
viii)	FIRE NOC	:-	वैधता 31.03.2025
ix)	प्रदूषण नियंत्रण उपकरण अधिष्ठापन:-		

Scanned with CamScanner

a) Water Cooled Condenser to convert smoke and vapour into liquid oil.

b) 9 chimney

c) ETP @ 5 KL/day with zero discharge facility.

d) Rain Water Harvesting plan.

x) GST Paid (2023-24) :– Rs. 13.65 Cr.

xi) गुणवत्ता प्रमाण पत्र :– ISO 9001, ISO 1400, ISO 45001

xii) इकाई के द्वारा JSPCB Certified Lab for Environmental Pollution Maintaining and Analysis के दिनांक 24.02.2024 को निर्गत Atmospheric Pollution, Discipline: Chemical से सम्बंधित टेस्ट रिर्पोट की प्रति उपलब्ध कराई गयी है, जिसमें Particulate Matter (PM 10), SO_2, Ni, As, C_6H_6 इत्यादि को "Well Within Regulatory Limit" पाया गया है।

उक्त टेस्ट रिर्पोट में Water Discharge को निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया गया है। साथ ही, Stack Height from Ground Level 30.0 मीटर दर्शाया गया है, जो Standard हैं।

xiii) इकाई के द्वारा इस आशय का शपथनामा समर्पित किया गया है कि इकाई वर्त्तमान प्लांट को आगामी 3–4 वर्षो के भीतर उपयुक्त भूमि मिलने पर स्थानांतरित कर लेगी।

xiv) इकाई के द्वारा समर्पित शपथनामा में यह स्पष्ट किया गया हैं कि इकाई वर्ष 2012 से ESZ के अन्तर्गत है तथा वर्ष 2012 तक JSPCB के द्वारा निर्गत CTO के तहत् कार्यरत थी। वर्त्तमान में इकाई के पक्ष में कोई CTO & Authorization to Hazardous & Waste Disposal, JSPCB के द्वारा निर्गत नहीं किया गया है।

xv) इकाई W.P.(C) No. 7340/2012 में माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के दिनांक 05, दिनांक 08.07.2013 के क्रम में पारित न्यायादेश "no coercive step shall be taken against the petitioner" के तहत् वर्त्तमान में कार्यरत है।

➢ इकाई के सम्बंध में निम्न तथ्य महत्वपूर्ण है:–

01– इकाई के द्वारा इस आशय का शपथनामा दिया गया है कि इकाई आगामी 3–4 वर्षो के अन्दर Suitable Land मिलने पर ESZ से शिफ्ट कर लेगी।

02– वर्त्तमान में इकाई के द्वारा 80 (स्थानीय एवं बाहरी) व्यक्तियों को नियोजन प्रदान किया जा रहा हैं, जिसमें ज्यादातर स्थानीय ग्रामीण है।

03– इकाई के द्वारा उत्पादित सामग्री के Clients मुख्यतः सरकारी उपक्रम है।

04– इकाई द्वारा CSR मद में वर्ष 2020 में ग्रामीण महिलाओं में सिलाई मशीन का वितरण, वर्ष 2021 में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जगमोहनपुर, मिर्जाडीह, जमशेदपुर के नवीनीकरण (Renovation), वर्ष 2022 में प्राथमिक विद्यालय, गेरूआ, प्रखण्ड बोड़ाम, पूर्वी सिंहभूम के नवीनीकरण (Renovation) एवं वर्ष 2024 में रेड क्रॉस सोसाईटी, जमशेदपुर के सहयोग से

Scanned with CamScanner

नेत्र शल्य चिकित्सा उपकरणो एवं लाभुकों के पौष्टिक भोजन पर रू. 12.88 लाख का व्यय किया गया।

➢ उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में इकाई को पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप कार्य करने हेतु निम्न निदेश दिया गया है :–

01– इकाई को 15 दिनों के अन्दर आवश्यकतानुसार औद्योगिक क्षेत्र की भुमि के लिए MD JIADA से आदित्यपुर प्रक्षेत्र के अन्तर्गत Vacant Land/खंद पड़ी इकाई की भूमि को प्राधिकार के प्रचलित दर पर नियम के तहत् उपलब्ध कराने हेतु आवेदन देने का निदेश दिया गया।

02– साथ ही इकाई को स्वयं उपयुक्त भूमि तलाशने हेतु निदेश दिया गया, जिसमें सम्बंधित जिले के उपायुक्त से आवश्यकतानुसार GM Land/CNT Land को Land Pooling के निमित सम्बंधित मौजा के प्रचलित सरकारी दर पर लीज बंदोबस्ती कराने हेतु अनुरोध करने का भी निदेश दिया गया है।

03– वर्त्तमान में इकाई में कच्चा माल लाने एवं तैयार माल को बाहर भेजने हेतु उपयोग में आने वाले भारी वाहनों के आवागमन हेतु इकाई के चारो ओर Haul Road का निर्माण करने का निदेश दिया गया हैं।

04– इकाई में अधिष्ठापित अग्निशमन उपकरणों के नवीनीकरण यथा बड़े व्यास (Diameter) के Water Pipe Nozzle, Hoist आदि लगाने हेतु इकाई को निदेशित किया गया है।

(Exhibits & Documents attached attached as annexure-A Page No 1-44)

02– सर्वश्री एसआरजी आयरन एण्ड स्टील प्रा.लि., निर्जाडीह, सेल्आ, पो. पटमदा, जमशेदपुर

➢ इकाई के स्थलीय निरीक्षण के क्रम में निम्न तथ्य स्पष्ट हैं :–

i) इकाई लगभग 5.00 एकड़ में वर्ष 1998 में स्थापित हैं एवं वर्ष 2012 से ESZ के भीतर अवस्थित है।

ii) इकाई के मुख्य प्रवेश द्वार के बाएं तरफ CEAT Tyre के Warehousing का कार्य किया जा रहा है।

iii) Warehousing से सटी खुली भूमि में Bottom Flyash/Slag Boiler का स्क्रीनिंग यूनिट स्थापित हैं, जो Diamantle अवस्था में है।

iv) प्रवेश द्वार के ठीक सामने शेड दो भागों में विभाजित हैं, जिसके एक भाग में Flyash Brick निर्माण का Dismantled एवं Defunct Plant स्थापित है। दुसरे भाग में Slag Screening Plant हैं, जो वर्त्तमान में अकार्यरत अवस्था में है।

v) उक्त शेड के पीछे, इकाई की मुख्य योजना Crowbar, Octgonal Bar, Riekaxe इत्यादि स्थापित हैं, जो वर्त्तमान में पूर्णतः Defunct प्रतीत होती है।

vi) इकाई प्रबंधन द्वारा समर्पित शपथनामा में स्पष्ट किया गया है कि इकाई द्वारा Production Facility को आगामी 3–4 वर्षों में ESZ से बाहर उपयुक्त भूमि मिलने पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव हैं।

vii) इकाई को झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जमशेदपुर के पत्रांक 99, दिनांक 30.01.2024 के द्वारा Slag Screening Plant को बन्द करने तथा Dismantle करने का निदेश दिया

Scanned with CamScanner

गया, जिसके क्रम में इकाई के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची में W.P.(C) No. 732 of 2024 दायर किया गया है।

viii) इकाई के पक्ष में अन्तिम CTO वर्ष 2011 में निर्गत किया गया, जिसकी वैधता 31.03.2012 थी। वर्त्तमान में किसी प्रकार की अनुज्ञप्ति अथवा स्वीकृति निर्गत नहीं है।

➢ इकाई को तत्काल पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप कार्य करने हेतु निम्न निदेश दिया गया है :–

i) मुख्य मार्ग से इकाई तक भारी वाहनों के आवागमन के दौरान होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु पक्की सड़क का निर्माण।

ii) इकाई के आस–पास वायु में धुल कणों को उड़ने से रोकने हेतु अविलम्ब Water Sprinkler अधिष्ठापन।

iii) इकाई की खाली पड़ी भूमि पर आगामी वर्षा ऋतु में अधिकाधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण।

iv) इकाई को अविलम्ब ESZ से बाहर पुर्नस्थापित करने हेतु स्वयं उपयुक्त भूमि तलाश करने हेतु निदेश दिया गया है।

(Exhibits & Documents attached attached as annexure-B Page No. 1-28)

माननीय NGT के न्यायादेश की कंडिका 04 एवं 05 के क्रम में समिति के द्वारा दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी तथा ESZ के विभिन्न मौजा यथा शहरगेड़ा, मिर्जाडीह, आसनबनी, पारडीह आदि का भौतिक सर्वेक्षण किया गया है, वस्तुस्थिति निम्नवत् हैं :–

i) राष्ट्रीय राजमार्ग 33 की दाहिनी ओर (राँची से टाटा की ओर जाने पर) अधिकांश भाग में मानव बस्तियां, होटल, मोटेल, झोपड़ी, आवासीय कॉलोनी तथा कई बड़ी कंपनियों के Warehouse/Logistic Support Units स्थापित है। 2–3 फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण की इकाईयाँ स्थापित हैं, जो प्रदूषण की श्वेत श्रेणी (White Category) में आती है।

ii) राष्ट्रीय राजमार्ग 33 के बायें तरफ (राँची से टाटा की ओर जाने पर) शहरगेड़ा मौजा में 5 लाल ईंट निर्माण की इकाईयाँ एवं चिमनियाँ स्थापित हैं जिनमें से एक लाल ईंट निर्माण इकाई सर्वश्री विश्वास ब्रिक्स को JSPCB के द्वारा CTO प्रदान किया गया है तथा 4 लाल ईंट निर्माण की इकाईयाँ बंद पायी गयी है।

iii) साथ ही उक्त मौजा में सर्वश्री भवानी शंकर स्टोन क्रेशर इकाई स्थापित हैं, जिसे JSPCB द्वारा CTO प्रदान किया गया है। जबकि उसी इकाई के ठीक सामने खुली भूमि पर एक क्रेशर प्लांट पाया गया है, जो कार्यरत अवस्था में है। इस सम्बंध में जिला खनन पदाधिकारी, सरायकेला–खरसावाँ एवं JSPCB से आवश्यक कार्यवाई करने का निदेश दिया गया है।

दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी एवं ESZ की परिधि के अन्तर्गत पर्यावरण की सुरक्षा जन जागरूकता, जन सहभागिता एवं नियामक उपायों के तहत सुनिश्चित किया जा सकता है। इस निमित निम्न पहल की जा सकती है।

i) ESZ की परिधि के अन्तर्गत GM/GNT भूमि की व्यावसायिक कार्यों हेतु लीज बंदोबस्ती पर पूर्ण प्रतिबन्ध।

ii) आवासीय कॉलोनियों, होटल, मोटेल आदि के द्वारा उत्सर्जित कचरा के Disposal पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप किये जाने के निमित अभिप्रेरित किया जाना। इस कार्य हेतु स्थानीय निकायों को सम्मिलित किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

III) दलमा Foothills तथा आश्रयणी की भूमि को अतिक्रमित होने से बचाने के लिए आवश्यकतानुसार Fencing, Boundary Pillar Demarcation किया जा सकता है।

IV) समस्त ESZ में वन्य प्राणी की सुरक्षा, मानव जीवन की सुरक्षा, जंगल आग से बचाव के उपाय, गजराज के भटकाव आदि की स्थिति में सुरक्षित वन्य क्षेत्रों में भेजने तथा ESZ Boundary से सम्बंधित विषयों के प्रचार–प्रसार हेतु Hoarding, Poster, Banner आदि लगाया जा सकता है। उक्त के सम्बंध में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग से अनुरोध किया गया है।

24.06.24
वन क्षेत्र पदाधिकारी,
दलमा वन्यप्राणी पूर्वी
प्रक्षेत्र, जमशेदपुर।

24/6/24
सहायक विद्युत अभियन्ता,
विद्युत आपूर्ति प्रमंडल,
मानगो जमशेदपुर।

24.06.24
कारखाना निरीक्षक,
पूर्वी सिंहभूम,
जमशेदपुर।

24/6/24
सहायक पर्यावरण
अभिकर्ता
झारखण्ड प्रदूषण
नियंत्रण पर्षद,
सरायकेला–खरसावाँ

24.06.24
महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र,
पश्चिमी सिंहभूम,
चाईबासा।

24/06/24
कारखाना निरीक्षक
सरायकेला–खरसावाँ

ज्ञापांक:–202 /चाईबासा, दिनांक:–25/6/ /2024

प्रतिलिपि:– आयुक्त के सचिव, सिंहभूम (कोल्हान) प्रमंडल, चाईबासा /सभी सम्बंधित पदाधिकारियो को सूचनार्थ प्रेषित।

25.06.2024
महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र, चाईबासा।

Scanned with CamScanner

कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

पत्रांक 162 /चाईबासा, दिनांक 24 / 05 /2024

प्रेषक,

महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

सेवा में,

क्षेत्रीय निदेशक,
सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड,
मिड ईस्टर्न रीजन,
पटना, बिहार-800001

विषय :- दलमा ईको सेंसिटिव जोन में भूजल सम्बन्धी क्रियाकलापों को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना संख्या- 596/नयी दिल्ली, दिनांक 29/03/2012 के प्रावधानुसार लागू करने के सम्बन्ध में।

प्रसंग. - प्रमंडलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान) प्रमंडल, चाईबासा का ज्ञापांक-325, दिनांक-23/04/2024

महोदय,

उपरोक्त विषयक, प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित करना है कि दिनांक-23/04/2024 को प्रमंडलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान) प्रमंडल, चाईबासा की अध्यक्षता में अक्षुण्ण दलमा वन्य प्राणी अभयारण्य, ईको सेंसिटिव जोन निगरानी समिति की बैठक में ईको सेंसिटिव जोन में भूजल सम्बन्धी क्रियाकलापों को उपरोक्त वर्णित अधिसूचना के प्रावधानुसार लागू करने हेतु निर्देशित किया गया है (प्रति संलग्न)।

ज्ञातव्य हो कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार की उक्त अधिसूचना की कंडिका (6) में निम्नवत प्रावधान किये गए है:-

(क) भूमि के अतिभोगी को, खेती और घरेलू उपयोग के लिए भू जल को निकालने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा।

(ख) औद्योगिक, वाणिज्यिक उपयोगहेतु भू जल निकालने के लिए राज्य भू जल बोर्ड और निगरानी समिति से पूर्व लिखित अनुमति लेनी होगी जिसके अंतर्गत ऐसी मात्रा भी है, जो उससे से निकाली जा सकती है।

(ग) भूजल की कोई बिक्री पैरा 4 के अधीन गठित निगरानी समिति के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं की जायेगी।

(घ) अभयारण्य और वन क्षेत्रों से भिन्न ईको सेंसिटिव जोन के भीतर विद्यमान सुविधाओं से जल का संरक्षण और उसका वितरण वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 का 69) के उपबंधों के अनुसार विनियमन किया जाएगा।

(ङ) जल के संदूषण या प्रदूषण को इसके अंतर्गत गतिविधियों से संदूषण या प्रदूषण भी है, रोकने के लिए समुचित उपाय किये जायेंगे।

उक्त के आलोक में अनुरोध है कि दलमा ईको सेंसिटिव जोन में भू-जल सम्बन्धी क्रियाकलापों को उपरोक्त वर्णित प्रावधानों के अनुरूप लागू करने की कृपा की जाय एवं सुलह कार्यवाई से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराया जाय।

अनु०- यथोक्त।

विश्वजीत मुखर्जी
24.05.24
भहाप्रबंधक,
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

Scanned with CamScanner

कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा

पत्रांक _____/ कैम्प जमशेदपुर, दिनांक____/____/2024

प्रेषक,

महाप्रबंधक
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

सेवा में,

क्षेत्रीय निदेशक,
सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड,
मिड ईस्टर्न रीजन,
पटना बिहार–800001

विषय :– दलमा ईको सेंसिटिव जोन में भू–जल सम्बंधित क्रिया कलापों को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना स०–595/नयी दिल्ली, दिनांक 29/03/2012 के प्रावधानानुसार लागू करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :– कार्यालय पत्रांक 162/चाईबासा, दिनांक 24/05/2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक, संदर्भित पत्र के सम्बन्ध में कहना है कि दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी, ईको सेंसिटिव जोन की निगरानी समिति की बैठक में दिए गए निदेश के आलोक में उक्त क्षेत्र में भू–जल से वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना स.– 595/नयी दिल्ली, दिनांक 29/03/2012 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप लागू करने का अनुरोध किया गया है।

संदर्भित पत्र की प्रति संलग्न करते हुए पुनः अनुरोध है कि दलमा ईको सेंसिटिव जोन में भू–जल से सम्बंधित क्रियाकलापों को अधिसूचना में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप लागू करते हुए कृत कारवाई से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने की कृपा किया जाए।

अनु० यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/–
महाप्रबंधक
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

ज्ञापांक 79 /कैम्प जमशेदपुर, दिनांक 02 / 08 /2024
प्रतिलिपि – प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान प्रमण्डल), चाईबासा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

महाप्रबंधक
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

Scanned with CamScanner

कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा

पत्रांक _____/ कैम्प जमशेदपुर, दिनांक____/____/2024

प्रेषक,

महाप्रबंधक
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

सेवा में,

निदेशक,
सर्वश्री एस.आर.जी. आयरन एंड स्टील प्रा. लि.,
गेरुआ, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम।

विषय - आपकी इकाई को विखण्डित (Dismantle) करने अथवा दलमा ईको सेंसिटिव जोन से बाहर स्थानांतरित करने के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में कहना है कि दिनांक 11/06/2024 को दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी, ईको सेंसिटिव जोन की निगरानी के निदेश के आलोक में गठित समिति के स्थल निरीक्षण के क्रम में आपकी इकाई द्वारा Slag Screening Plant को बंद करने एवं विखंडित (Dismantle) करने का निदेश दिया गया था। साथ ही, आपके द्वारा दिए गए शपथनामा में इकाई को दलमा ईको सेंसिटिव जोन से बाहर स्थानांतरित करने की बात कही गयी है। उक्त के सम्बन्ध में माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को अवगत कराया जाना है।

उक्त के आलोक में निदेश है कि आपके द्वारा अधोहस्ताक्षरी को अब तक की गयी कारवाई से शीघ्रातिशीघ्र अवगत कराने की कृपा किया जाए।

विश्वासभाजन
ह0/-
महाप्रबंधक
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

ज्ञापांक 80 /कैम्प जमशेदपुर, दिनांक 02 / 08 /2024
प्रतिलिपि – प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान प्रमण्डल), चाईबासा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

02/08/24
महाप्रबंधक
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

Scanned with CamScanner

कार्यालय महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा

पत्रांक _____/ कैम्प जमशेदपुर, दिनांक____/____/2024

प्रेषक,

महाप्रबंधक
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

सेवा में,

निदेशक,
सर्वश्री एस. टी. पी.,
गिर्जाडीह, डिमना रोड,
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

विषय :– सर्वश्री एस. टी. पी. को दलमा ईको सेंसिटिव जोन से स्थानांतरित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि दिनांक 11/06/2024 को दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी, ईको सेंसिटिव जोन की निगरानी समिति के निदेश के आलोक में गठित समिति द्वारा स्थलीय निरीक्षण की क्रम में 15 दिनों के अंदर आपकी इकाई को जियाडा आदित्यपुर क्षेत्र में भूमि आवंटन हेतु आवेदन करने एवं अन्यत्र भूमि तलाश करने का निदेश दिया गया था। साथ ही आपके द्वारा गए गए शपथनामा में इकाई को दलमा ईको सेंसिटिव जोन से बाहर स्थानांतरित करने की बात कही गयी है। उक्त के सम्बन्ध में माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को अवगत कराया जाना है।

उक्त के आलोक में निदेश है कि आपके द्वारा इकाई के स्थानांतरण से सम्बंधित की गयी कारवाई से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने की कृपा करें।

विश्वासभाजन
ह0/–
महाप्रबंधक
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

ज्ञापांक 81 /कैम्प जमशेदपुर, दिनांक 02/08/2024
प्रतिलिपि: – प्रमण्डलीय आयुक्त, सिंहभूम (कोल्हान प्रमण्डल), चाईबासा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

02/08/24
महाप्रबंधक
जिला उद्योग केंद्र, चाईबासा।

Scanned with CamScanner

Action Taken Report GM DIC Chaibasa

- दिनांक 11/08/2024 को दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी, ईको सेंसिटिव जोन के निर्देश के [illegible] गठित समिति द्वारा सर्वश्री एस. टी. पी., निर्जाडीह, डिमना रोड, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर और सर्वश्री [illegible] आर.जी. आयरन एंड स्टील प्रा. लि., नेरुआ, पटमदा, पूर्वी सिंहभूम सहित अन्य इकाइयों का [illegible] निरीक्षण किया गया।
- सर्वश्री एस.आर.जी. आयरन एंड स्टील प्रा. लि. द्वारा Slag Screening Plant को बंद करने एवं विस्थापित (Dismantle) करने एवं इकाई को दलमा ईको सेंसिटिव जोन से बाहर स्थानांतरित करने का निदेश दिया गया।
- पुन. पत्रांक 80/कैम्प जमशेदपुर, दिनांक 02/08/2024 के माध्यम से सर्वश्री एस.आर.जी. आयरन एंड स्टील प्रा. लि को अद्यतन स्थिति से अवगत कराने हेतु स्मार कराया गया है।
- सर्वश्री एस टी. पी. को जियाडा आदित्यपुर क्षेत्र में भूमि आवंटन हेतु आवेदन करने एवं अन्यत्र भूमि तलाश करने का निदेश दिया गया।
- पुन. पत्रांक 81/कैम्प जमशेदपुर, दिनांक 02/08/2024 के माध्यम से सर्वश्री एस. टी. पी को अद्यतन स्थिति से अवगत कराने हेतु स्मार कराया गया है।
- पत्रांक 162/चाईबासा, दिनांक 24/05/2024 के माध्यम से क्षेत्रीय निदेशक, सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड मिड ईस्टर्न रीजन, पटना, बिहार को दलमा ईको सेंसिटिव जोन में भू-जल से सम्बोधित क्रियाकलापों को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना सं- 596/नयी दिल्ली, दिनांक 29/03/2012 के प्रावधानों के अनुरूप लागु कराने हेतु पत्राचार किया गया। (प्रतिवेदन अप्राप्त)
- पत्रांक 79/कैम्प जमशेदपुर, दिनांक 02/08/2024 के माध्यम से क्षेत्रीय निदेशक, सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड, मिड ईस्टर्न रीजन, पटना, बिहार को स्मार कराया गया।
- पत्रांक 154/चाईबासा, दिनांक 17/04/2024 को सर्वश्री टाटा स्टील, बिस्टुपुर, जमशेदपुर स इकाई के वैसे वेंडर्स, जिन्होंने ईको सेंसिटिव जोन में अपना उद्योग स्थापित किया है अथवा उस क्षेत्र में [illegible] ऐश/स्लैग डंप कर रहे हैं, उन्हें रोकने के निमित्त आवश्यक कारवाई करने हेतु पत्राचार किया गया है। (पत्र एवं सर्वश्री टाटा स्टील का उत्तर संलग्न)
- दिनांक 03/08/2024 को झारखण्ड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, आदित्यपुर के साथ संयुक्त जांच समिति द्वारा कुल 78 इकाइयों का स्थलीय निरीक्षण किया गया (जांच प्रतिवेदन संलग्न)

Scanned with CamScanner

झारखण्ड सरकार

प्रमण्डलीय आयुक्त का कार्यालय, सिंहभूम(कोल्हान)प्रमण्डल, चाईबासा।

ई-मेल आईडी० — comm_cbsa@rediffmail.com

पत्रांक :– ५९९ दिनांक :– 14-08-2024

प्रेषक,

प्रमण्डलीय आयुक्त,
सिंहभूम (कोल्हान) प्रमण्डल,
चाईबासा–सह– अध्यक्ष,
निगरानी समिति दलमा ईको सेंसेटिव जोन,
दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी।

सेवा में,

Dr. Veenu Joon
Scientist ' E'
Indira Paryavaran Bhawan, Jor bagh Road, Aligunj,
Minisitry of Enivironment, Forest and Climate Change
(ESZ- Division) Government of India
New Delhi- 110003

विषय :– O.A .No- 145 of 2023 (EZ) titled as tribunal on its own motion vs state of Jharkhand & Ors- reg.

प्रसंग :– आपका पत्रांक– 02/03/2024–ESZ दिनांक 22.07.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में निगरानी समिति दलमा वन्य आश्रयणी, ईको सेंसिटिव जोन के द्वारा दिनांक 06.08.2024 को किये गये स्थलीय निरीक्षण के दौरान दिये गये निदेश के आलोक में उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, गज परियोजना, जमशेदपुर –सह– संयोजक निगरानी समिति, दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी इको सेंसिटिव जोन के पत्रांक– 2060 दिनांक 08.08.2024, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र चाईबासा के पत्रांक–82 दिनांक 06.08.2024 एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् जमशेदपुर के पत्रांक–863 दिनांक 05.08.2024 द्वारा कृत कार्रवाई प्रतिवेदन (Action Taken Report) उपलब्ध कराया गया है।

अतः प्राप्त प्रतिवेदनों की छायाप्रति संलग्न कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है।

अनुलग्नक :– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

17/8/2024

प्रमण्डलीय आयुक्त,
सिंहभूम (कोल्हान) प्रमण्डल,
चाईबासा–सह– अध्यक्ष,
निगरानी समिति दलमा ईको सेंसेटिव जोन,
दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी।

Scanned with CamScanner

झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

क्षेत्रीय कार्यालय–सह–प्रयोगशाला, एम0बी0/15, न्यू हाउसिंग कॉलोनी
आदित्यपुर, जमशेदपुर।
Web Site- jspcb.nic.in/ Phone– 0657-2383241/ Fax- 0657-2383905

पत्रांक : 863 दिनांक : 05/8/2024

मेमफै.

राम प्रवेश कुमार,
क्षेत्रीय पदाधिकारी,
जमशेदपुर।

सेवा में,

प्रमण्डलीय आयुक्त,
सह–अध्यक्ष मॉनिटरिंग समिति दलमा इको सेन्सेटिव जोन,
चाईबासा, पश्चिम सिंहभूम।

विषय :– **O.A. No.–145/2023 (EZ) titled as Tribunal on its own Motion Vs State of Jharkhand & 075** के संबंध में।

प्रसंग :– भवदीय के पत्रांक–574 चाईबासा, दिनांक–05.06.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि O.A. No.-145/2023 (EZ) से संबंधित दिनांक–22.07.2024 को सम्पन्न बैठक में दिए निदेश के आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–846 दिनांक–01.08.2024 द्वारा भवदीय को मेल द्वारा भेजी जा चुकी है। पुनः उक्त कार्रवाई की छायाप्रति संलग्न कर भेजी जा रही है।

अनु0–यथो0।

विश्वासभाजन
05/08/24
(राम प्रवेश कुमार)
क्षेत्रीय पदाधिकारी, जमशेदपुर।

Saraw_for_Hindi_24/Page 230

Scanned with CamScanner

JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

REGIONAL OFFICE-CUM-LABORATORY, MB/15 NEW HOUSING COLONY
ADITYAPUR, JAMSHEDPUR.
Web Site- jspcb.org/ Phone– 0657-2383241/ Fax- 0657-2383985

By-Email
Hon'ble NGT matter – Time Bound (Urgent)

पत्रांक
प्रेषक,

दिनांक : .....

राम प्रवेश कुमार,
क्षेत्रीय पदाधिकारी,
जमशेदपुर।

सेवा में,

उप श्रम संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक,
भज ,पदियोजना–सह–संयोजक, निगरानी समिति, इको सेन्सेटिव जोन,
दलमा, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम।

विषय :– दिनांक - 05.06.2024 को निगरानी समिति के द्वारा वन्यप्राणी आश्रयणी ईको सेन्सिटिव जोन की क्षेत्र भ्रमण एवं बैठक के कार्यवाही के अनुपालन के सम्बन्ध में।

प्रसंग भवदीय पत्रांक 1495 दिनांक 27.07.2024

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक मे दिनांक 05.06.2024 को निगरानी समिति के द्वारा वन्यप्राणी आश्रयणी ईको सेन्सिटिव जोन की क्षेत्र भ्रमण एवं बैठक की कार्यवाही के आलोक मे प्रमण्डलीय आयुक्त सिंहभूम,कोल्हान प्रमण्डल, चाईबासा-सह-अध्यक्ष, मॉनिटरिंग समिति, दलमा ईको सेन्सिटिव जोन के द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन प्रतिवेदन निम्नवत है:-

1. M/s STP Limited का निरीक्षण संयुक्त जांच समिति द्वारा दिनांक 11.06.2024 को किया गया था। निरीक्षण के दौरान इकाई संचालित पाई गई। इकाई को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने हेतु पूर्व मे भी दिशा निर्देश दिए गए थे। पुनः स्थानांतरित करने की समय सीमा से पर्षद को अवगत कराने हेतु पत्रांक – 730 दिनांक– 05.07.2024 द्वारा स्मार पत्र निर्गत किया गया है। (छाया प्रति संलग्न)
2. M/s SRG Iron Limited का निरीक्षण संयुक्त जांच समिति द्वारा दिनांक 11.06.2024 को किया गया था। निरीक्षण के दौरान इकाई बंद पाई गई परंतु इकाई को अभी तक डिसमेंटल नहीं किया गया है। इस सम्बन्ध में इकाई को पूर्व मे भी दिशा निर्देश दिए गए थे तथा अनुपालन हेतु पत्रांक 719 दिनांक 05.07.2024 द्वारा स्मार पत्र निर्गत किया गया है। (छाया प्रति संलग्न)
3. M/s Balajee Steel Udyog Ltd का निरीक्षण दिनांक 23.07.2024 को पर्षद की टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान इकाई आंशिक रूप से चालू अवस्था में पाई गई। उक्त के आलोक मे इकाई को पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या - 596 दिनांक - 29.03.2012, दलमा वन्य जीव अभयारण्य की अधिसूचना संख्या- 3 (1)क० के अनुसार " इस अधिसूचना के प्रकाशन पर या उसके पश्चात् प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को ईको सेन्सिटिव जोन के भीतर स्थापित किया जाना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा । " का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया है। (छाया प्रति संलग्न)।

सूचनार्थ एवं अग्रतर कार्यवाई हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन

ह0/–
(राम प्रवेश कुमार)
क्षेत्रीय पदाधिकारी, जमशेदपुर।

ज्ञापांक - 846 /, आदित्यपुर, दिनांक :- 01-8-2024

प्रतिलिपि :- प्रमण्डलीय आयुक्त, कोल्हान –सह अध्यक्ष, मॉनिटरिंग समिति, इको सेन्सिटिव जोन, दलमा को सूचनार्थ प्रेषित।

(राम प्रवेश कुमार) 01/08/24
क्षेत्रीय पदाधिकारी, जमशेदपुर।

Scanned with CamScanner

झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद

क्षेत्रीय कार्यालय–सह–प्रयोगशाला, एम0बी0 / 15, न्यू हाउसिंग कॉलोनी
आदित्यपुर, जमशेदपुर।
Web Site- jspcb.nic.in/ Phone- 0657-2383241/ Fax- 0657-2383905

स्मार पत्र

दिनांक : 5.7.2024

पत्रांक 730

प्रेषक,

राम प्रवेश कुमार,
क्षेत्रीय पदाधिकारी,
जमशेदपुर।

सेवा में,

M/s STP Ltd.
ग्राम–मिर्जाडीह, डिमना रोड, मानगो,
जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम।

विषय :– इकाई में प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था स्थापित कर संचालन सहमति एवं हजार्डस वेस्ट प्राधिकरण के संबंध में।

प्रसंग – पत्रांक–100 जमशेदपुर दिनांक–30.01.2024

महाशय,

उपरोक्त प्रासंगाधीन पत्र द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि इकाई में स्थापित चिमनी में प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था की समुचित जानकारी तथा H/W का प्राधिकरण पत्र समर्पित करें। साथ ही इकाई कब से बन्द है एवं इकाई को किसी अन्यत्र स्थान पर स्थानान्तरित करने की समय सीमा से पर्षद को अवगत करावें।

आपको सूचित करना है कि संयुक्त जाँच समिति द्वारा दिनांक–11.06.2024 को आपके इकाई का स्थल निरीक्षण के दौरान आपकी इकाई संचालित पायी गयी। परन्तु आपके द्वारा अभी तक उपरोक्त पत्र का समुचित अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित नहीं किया गया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त पत्र के अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करते हुए इकाई को किसी अन्यत्र स्थान पर स्थानान्तरित करने की समय सीमा से पर्षद को अवगत करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन

(राम प्रवेश कुमार) 05/07/24
क्षेत्रीय पदाधिकारी, जमशेदपुर।

Surveillance/Hindi/24/Page 163

Scanned with CamScanner

झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

क्षेत्रीय कार्यालय–सह–प्रयोगशाला, एम0बी0/15, न्यू हाउसिंग कॉलोनी
आदित्यपुर, जमशेदपुर।
Web Site- jspcb.nic.in/ Phone- 0657-2383241/ Fax- 0657-2383905

स्मार पत्र

पत्रांक 729

दिनांक : 5.7.2024

प्रेषक,

राम प्रवेश कुमार,
क्षेत्रीय पदाधिकारी,
जमशेदपुर।

सेवा में

M/s S.R.G. Iron & Steel Ltd.
ग्राम–गैरूआ, पटमदा,
जिला–पूर्वी सिंहभूम।

विषय :– इकाई में स्लैग स्क्रीनिंग के संचालन के संबंध में।

प्रसंग – पत्रांक–99 जमशेदपुर दिनांक–30.01.2024

महाशय,

उपरोक्त प्रासंगाधीन पत्र द्वारा आपको निर्देशित किया गया था कि आपको द्वारा इकाई में स्थापित Slag Screening Plant को अविलंब बन्द कर dismental करे एवं डिस्मेन्टल करने की सूचना पर्षद को अतिशीघ्र समर्पित करें।

आपको सूचित करना है कि संयुक्त जाँच समिति द्वारा दिनांक–11.06.2024 को आपके इकाई का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्लैग क्रशिंग इकाई का संचालन बंद है, परन्तु उक्त इकाई को अभी तक dismental नहीं किया गया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त पत्रों का अनुपालन प्रतिवेदन अविलंब इस कार्यालय में समर्पित करें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन

(राम प्रवेश कुमार) 05/07/24
क्षेत्रीय पदाधिकारी, जमशेदपुर।

Naveen_Jsr_Misc 24/Page 164

Scanned with CamScanner

झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्

क्षेत्रीय कार्यालय–सह–प्रयोगशाला, एम0वी0/15, न्यू हाउसिंग कॉलोनी
आदित्यपुर, जमशेदपुर।
Web Site- jspcb.nic.in/ Phone- 0657-2383241/ Fax- 0657-2383905

दिनांक : .....

[illegible]
क्षेत्रीय पदाधिकारी,
[illegible]।

प्रबंधक,
मेसर्स कलाजी स्टील उद्योग,
बालीगुमा, मिर्जाडीह, जमशेदपुर,
जिला–पूर्वी सिंहभूम।

विषय :– दलमा इको सेंसेटिव जोन के अंदर इकाई का संचालन नहीं करने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के प्रसंग में सूचित करना है कि दिनांक–23.07.2024 को आपकी इकाई का स्थल निरीक्षण श्री प्रवीण कुमार (कनीय पर्यावरण अभियंता) एवं श्री आसिफ आलम, परानर्शी कार्यकारी के द्वारा इकाई के कर्मी श्री शम्भु मिश्रा, लेखापाल के उपस्थित में किया गया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आपके द्वारा उक्त इकाई में गैती, कुदाल, खुदाई पार, फावड़ा, ब्रो–बार इत्यादि का उत्पादन किया जाता है तथा इकाई के कर्मी श्री शम्भु मिश्रा के द्वारा बताया गया कि एक महीने से इकाई कार्य बंद है।

[illegible] के दौरान इकाई प्रांगण में मरम्मति/रख–रखाव का कार्य करते हुए लगभग 6 से 7 मजदूर [illegible] में बनी गैती, कुदाल, खुदाई पार, फावड़ा एवं ब्रो–बार को Manual painting करते हुए पाया गया। [illegible] Iron Scrap सामग्री, Iron Slag एवं Slag Crushing dust भारी मात्रा में एकत्रित पाया गया। इकाई प्रांगण में Slag Crushing का कार्य स्थल निरीक्षण वाले अवस्था में प्रतीत होता है।

आपकी इकाई को पर्षद द्वारा स्थापना अथवा संचालन सहमति प्राप्त नहीं है तथा आपकी इकाई दलमा इको सेंसेटिव जोन के अन्तर्गत आती है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्या–596 दिनांक–29.03.2012 दलमा वन्य जीव अभयारण्य की कंडिका संख्या–3 (1)(क) के अनुसार " इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर या उसके पश्चात, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को, इको सेन्सिटिव जोन के भीतर स्थापित किया जाना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त अधिसूचना का अनुपालन सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन
ह0/–
(राम प्रवेश कुमार)
क्षेत्रीय पदाधिकारी, जमशेदपुर।

ज्ञापांक : ——————/ आदित्यपुर, दिनांक :——————

प्रतिलिपि :– उप वन संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, राज परियोजना–सह–संयोजक, निगरानी समिति, इको सेन्सेटिव जोन, दलमा, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(राम प्रवेश कुमार)
क्षेत्रीय पदाधिकारी, जमशेदपुर।

ज्ञापांक : 844 /आदित्यपुर, दिनांक : 31-7-2024

प्रतिलिपि :– सदस्य सचिव, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(राम प्रवेश कुमार) 31/7/24
क्षेत्रीय पदाधिकारी, जमशेदपुर।

Jamshedpur/Jharkhand/24/Page 115

Scanned with CamScanner

Annexure-4

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 596] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, मार्च 29, 2012/चैत्र 9, 1934

No. 596] NEW DELHI, THURSDAY, MARCH 29, 2012/CHAITRA 9, 1934

पर्यावरण और वन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 मार्च, 2012

का.आ. 680(अ).—दलमा वन्यजीव अभयारण्य, जमशेदपुर झारखंड के सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले में ..... 22° 46'30" और 22° 57' एन. और देशांतर 86° 3'15" और 86° 26'30" ई. के मध्य स्थित है और इसका विस्तार क्षेत्र 193.5077 वर्ग किलोमीटर है ;

और एशियाई हाथी, दलमा वन्यजीव अभयारण्य में बेहद महत्वपूर्ण प्रजाति है, लेकिन इसके अलावा भी कई लुप्तप्राय प्रजातियां जैसे कि रीसस, जंगली कुत्ता, मालबार हिरण, भारतीय विशाल गिलहरी, अजगर, छिपकली, नाग, ईगल, आदि भी इस अभयारण्य में पाए जाते हैं;

और इस अभयारण्य के जंगल बारिश के पानी को बाहर जाने से रोकते हैं, और जमीन के पानी को रिचार्ज करने में मदद करते हैं साथ ही मिट्टी कटाव को रोककर कीचड़ और सिल्ट के जमाव से नदियों और झरनों की रक्षा करते हैं । अभयारण्य के अंदर 159 जलधाराओं का संजाल है जो पूरे अभयारण्य में फैला हुआ है । इसमें से 82 सदाबहार या अर्द्ध सदाबहार है बाकी 77 जलधाराएं मौसमी प्रकृति की हैं, जो खुरमी नदी, सुवर्णरेखा नदी और डिमना झील को पानी से भरती हैं;

और यह आवश्यक है कि दलमा वन्यजीव अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र को पारिस्थितिकीय और पर्यावरणीय बिंदु से सुरक्षित और संरक्षित किया जाए ;

और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उप-धारा (2) के अनुच्छेद (XIV) अनुच्छेद (V) के साथ पठित और उप-धारा (1) के अधीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की प्रारूप अधिसूचना संख्या 691(ई) दिनांक 5 अप्रैल, 2011 भारत के राजपत्र, असाधारण में, जैसा कि पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उप नियम (3) की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रकाशित होने वाले संभावित व्यक्तियों की आपत्तियों और सुझाव राजपत्र में उपयुक्त अधिसूचना को जनसाधारण के लिए उपलब्ध होने की तिथि से साठ दिनों के भीतर मांगे गए थे;

और उपर्युक्त अधिसूचना की राजपत्र में छपी प्रतियां जनसाधारण को 5 अप्रैल, 2011 को उपलब्ध कराई गई थीं;

और केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रारूप अधिसूचना के प्रत्युत्तर में प्राप्त सभी आपत्तियों और सुझावों पर सम्यक् रूप से विचार कर लिया गया है ;

अतः, अब केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उप-धारा (2) के खंड (V) तथा खंड (xiv) के साथ पठित उप-धारा (1) और पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उप-नियम (3) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड राज्य में दलमा वन्यजीव अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्र को सेंयेा, जैसा कि निम्नलिखित उपाबद्ध रूप में दर्शायी गयी सीमा के भीतर पांच किलोमीटर के क्षेत्र को इको सेन्सिटिव जोन (जिसको इसमें इसके पश्चात् इको सेन्सिटिव जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है ।

1. **दलमा वन्यजीव अभयारण्य के इको-सेन्सिटिव जोन की सीमाएं.** - (1) दलमा वन्यजीव अभयारण्य दलबम और सरायकेला के वनों, जो कि झारखंड का वन प्रभाग है और पश्चिम बंगाल के जमशेदपुर बस्ती और चान्दील के उप प्रभागीय शहर जो दलमा वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से लगभग 0-5 किमी. पर है, तक फैला हुआ है।

(2) उपरोक्त झारखंड में इको सेंसिटिव जोन 522.98 वर्ग किलोमीटर के निम्नलिखित क्षेत्र को सम्मिलित करता है अर्थात :

(i) अंत क्षेत्र स्थित गांव :

गावों की कुल संख्या: - 95
इको सेन्सिटिव जोन में सम्मिलित किया जाने वाला क्षेत्र :-

गैर वन क्षेत्र	-	200.28 वर्ग किलोमीटर
वन क्षेत्र	-	198.30 वर्ग किलोमीटर
कुल	=	**398.58 वर्ग किलोमीटर;**

(ii) संरक्षित क्षेत्रों की सीमा के बाहर स्थित गांव :

गांव की कुल संख्या - 51
इको सेन्सिटिव जोन मे सम्मिलित होने वाले क्षेत्र :-

गैर वन क्षेत्र	-	80.45 वर्ग किलोमीटर
वन क्षेत्र	-	43.95 वर्ग किलोमीटर
कुल	=	**124.40 वर्ग किलोमीटर है;**

(iii) विकास खंड :-

पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा, जमशेदपुर और गोलमुरी जमशेदपुर खंड और सरायकेला और खरसावां जिले के सांडिल और नीमडीह खंड

(iv) जिलावार क्षेत्र :

जिले का नाम	इको-सेन्सिटिव जोन का क्षेत्र
पूर्वी सिंहभूम	377.89 वर्ग किलोमीटर
सरायकेला-खारसावां	145.09 वर्ग किलोमीटर
कुल	**522.98 वर्ग किलोमीटर**

(3) इको सेन्सिटिव जोन का नक्शा, **उपाबद्ध 1** में और दलमा इको सेन्सिटिव जोन में आने वाले गांवों की सूची, **उपाबद्ध 2** के रूप में इस अधिसूचना से संलग्न

2. **दलमा इको-सेन्सिटिव जोन के लिए जोनल मास्टर प्लान.**- (1) दलमा इको सेन्सिटिव जोन का जोनल मास्टर प्लान, राज्य सरकार द्वारा ऐसी रीति से तैयार किया जाएगा, जो कि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 का 53), राज्य में तत्समय प्रवृत्त नगर एवं ग्राम योजना से संबंधित विधि में विनिर्दिष्ट किया गया है, प्रभागीय कार्य योजनाओं और निर्देश केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए जाएंगे जो कि इस अधिसूचना के जारी होने के बाद एक वर्ष के भीतर केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित होंगे ।

(2) जोनल मास्टर प्लान को सभी संबंधित राज्यो विभागों जैसे पर्यावरण और वन, शहरी विकास, पर्यटन, नगरपालिका, राजस्व और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जैसे विभागों के परामर्श से पर्यावरण और पारिस्थितिकी के विभिन्न पहलुओं को सम्मिलित करने की दृष्टि से तैयार किया जाएगा ।

(3) जोनल मास्टर प्लान, वृक्षहीन क्षेत्र को प्रत्यावर्तित करने, विद्यमान जल निकायों का संरक्षण, जलग्रहण क्षेत्रों के प्रबंधन, जल प्रबंधन, भूजल प्रबंधन, मिट्टी और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदाय और पारिस्थितिकी और पर्यावरण के अन्य पहलुओं की आवश्यकताओं के लिए व्यवस्था करेगा।

(4) जोनल मास्टर प्लान, सभी विद्यमान पूजा स्थानों, गांवों, बस्तियों, वनों के प्रकारों और वनों, कृषि क्षेत्रों, उपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्रों, उद्यान क्षेत्रो, बगीचो, झीलो और अन्य जल निकायों की सीमा निर्धारित करेगा।

